संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 03 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 120 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आंध्र प्रदेश को विकसित भारत का बनाएंगे ग्रोथ इंजन: मोदी

- प्रधानमंत्री 21 जून को आंध्र प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल
- पीएम ने अमरावती में 58 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के अमरावती में 58 हजार करोड़ रुपये की सड़क, रक्षा, रेलवे और औद्योगिक अवसंरचना के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं आंध्र प्रदेश की आकांक्षाओं और विकसित भारत की आशाओं का मजबूत आधार हैं। आंध्र प्रदेश के लोगों को बधाई देने के लिए तेलुगु में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अमरावती सिर्फ.एक शहर नहीं है बल्कि यह एक शक्ति है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शुरू की गई परियोजनाएं आंध्र प्रदेश की महत्वाकांक्षाओं और विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण दोनों के लिए एक मजबूत नींव रखेंगी। स्वर्ण आंध्र विकसित भारत की राह को मजबूत करेगा और अमरावती स्वर्ण आंध्र के विजन को ऊर्जा देगी। अमरावती एक ऐसा शहर बनने जा रहा है जहां



युवाओं के सपने पूरे होंगे। अमरावती सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा, स्वच्छ उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में एक अग्रणी शहर के रूप में उभरेगा। केंद्र सरकार इन क्षेत्रों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नंदमुरी तारक रामाराव को याद करते हुए कहा कि एनटीआर गारु ने एक जीवंत और विकसित आंध्र प्रदेश का सपना देखा था। हमें मिलकर अमरावती और आंध्र प्रदेश को विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनाना है। एनटीआर गारु के सपने को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने अपने भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष बल दिया है।

### पिछले एक दशक में भारत ने रेलवे में कई परिवर्तन किए

*भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां का इंफ्रास्ट्रक्चर तेज गति से आधुनिक हो रहा है। इसका फायदा आंध्र प्रदेश को भी मिल रहा है। आज भी राज्य में हजारों करोड़ रुपये की रेल और सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने दुनिया के विकसित देशों में रेलवे की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने रेलवे में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। सरकार ने रेलवे के लिए रिकॉर्ड धनराशि आवंटित की है। वर्ष 2009 से 2014 के बीच आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का संयुक्त रेल बजट 900 करोड़ रुपये से भी कम था। इसके विपरीत आज अकेले आंध्र प्रदेश का मौजूदा रेल बजट 9,000 करोड़ रुपये से भी अधिक है जो कि दस गुना से भी अधिक है।*

### आज भारत की ताकत हथियार के साथ एकता भी है: मोदी

*पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत की ताकत केवल हथियार ही नहीं हैं बल्कि हमारी एकता भी है। एकता का यही भाव हमारे यूनिटी मॉल (एकता मॉल) में मजबूत होता है। देश के अनेकों शहरों में एकता मॉल बनाए जा रहे हैं। विशाखापट्टनम में भी एकता मॉल बनेगा। इसमें देशभर के कारीगरों और हस्तशिल्पियों के उत्पाद एक ही छत के नीचे मिलेंगे। ये देश को जोड़ने के साथ ही लोकल इकोनॉमी को गति देगा। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून को विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रमुख कार्यक्रम 21 जून को आंध्र प्रदेश में होगा। वह स्वयं इस दिन आंध्र के लोगों के साथ योग करेंगे।*

### पीएम मोदी की केरल को 8900 करोड़ की सौगात

***तिरुवनंतपुरम:*** *केरल की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 8,900 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित 'विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75% ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था, इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था, अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा।*

## पाकिस्तान पर एक और 'डिजिटल स्ट्राइक'

### भारत में पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ का यूट्यूब अकाउंट ब्लॉक



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान के कई न्यूज चैनल और यूट्यूब चैनल को ब्लॉक कर दिया है। इसी बीच भारत ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यूट्यूब चैनल ब्लॉक कर दिया है। ब्लॉक किए गए चैनल पर लिखा गया है गया, "राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह सामग्री वर्तमान में इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार द्वारा हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया पारदर्शिता रिपोर्ट देखें।"

बता दें कि केंद्र सरकार ने इस सप्ताह के शुरू में भारत के बारे में "झूठी, भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री" प्रसारित करने के आरोप में 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक कर दिया था। वहीं, पहलगाम हमले पर बीबीसी की रिपोर्टिंग पर भी कड़ी आपत्ति जताई थी। बता दें कि पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन ले रहा है।

**पाकिस्तान के इन यूट्यूब चैनल्स को भारत में किया गया ब्लॉक**

अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्रालय बीबीसी की रिपोर्टिंग पर भी नजर रखेगा। बता दें कि बीबीसी ने अपनी रिपोर्टिंग में आतंकवादियों को उग्रवादी कहा है। ब्लॉक किए गए यूट्यूब चैनल हैं डॉन न्यूज, इरशाद भट्टी, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेंस, जियो न्यूज, समा स्पोर्ट्स, जीएनएन, उजैर क्रिकेट, उमर चीमा एक्सक्लूसिव, अस्मा शिराजी, मुनीब फारूक, सुनो न्यूज और रजी नामा।

## जल विवाद पर हरियाणा सरकार जाएगी सुप्रीम कोर्ट

- पंजाब सरकार ने आगे की रणनीति के लिए बुलाया विधानसभा का विशेष सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा और पंजाब के बीच नदी जल बंटवारे का विवाद गहरा गया है। पंजाब सरकार ने इस विवाद के चलते सोमवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है तो हरियाणा सरकार ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है।पंजाब की भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार ने हरियाणा को मिलने वाले साढ़े आठ हजार क्यूसेक पानी को घटाकर चार हजार क्यूसेक कर देने से हरियाणा में पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पंजाब सरकार की तरफ से भाखड़ा नहर का पानी रोकने को लेकर हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। शुक्रवार को दिल्ली में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के अधिकारियों की पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिव के साथ मीटिंग में पानी देने को लेकर सहमति नहीं बनी। मीटिंग में पंजाब 4 हजार क्यूसेक पानी ही देने को तैयार हुआ, जबकि हरियाणा ने 8500 क्यूसेक पानी की मांग की। इससे पहले, दिल्ली में ही केंद्रीय गृह मंत्रालय की पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और राजस्थान के अधिकारियों से मीटिंग हुई। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पंजाब और हरियाणा को इस मामले में जिद छोड़ने को कहा।



### पंजाब में हुई ऑल पार्टी मीटिंग

*पंजाब की आप सरकार ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब भवन में 2 घंटे तक ऑल पार्टी मीटिंग की। इसका न्योता पार्टी के अध्यक्षों को दिया गया था, लेकिन सिर्फ भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ही पहुंचे। कांग्रेस और अकाली दल ने प्रतिनिधि भेजे। मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। सीएम भगवंत मान ने कहा कि ऑल पार्टी मीटिंग में सभी दलों ने सरकार का साथ देने की हामी भरी है।*

### सोमवार को विधानसभा का स्पेशल सेशन

*सीएम मान ने कहा कि सभी राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब सरकार के फैसले के हक में हैं। ऑल पार्टी मीटिंग में प्रधानमंत्री से मिलने का सुझाव आया है। सोमवार को विधानसभा के स्पेशल सेशन में इस पर चर्चा होगी। भगवंत मान ने कहा- पंजाब के पानी को एक फरमान के माध्यम से हरियाणा को देने का फैसला लिया गया। अधिकारियों को बदल दिया गया।*

## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया व राहुल को पेश होने का आदेश

**नोटिस जारी**

- मनी लाउंड्रिंग कानून की धारा 44 और 45 के तहत शिकायत दाखिल की, 8 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनीलाउंड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत दूसरे आरोपितों को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सात आरोपितों को 8 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 अप्रैल को कोर्ट में अभियोजन शिकायत दाखिल की थी। ईडी ने इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को आरोपित बनाया है।



दिल्ली में झमाझम बारिश के कारण हुए जलभराव का मजनू का टीला में निरीक्षण करती दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

## 'देवी' ई-बसें को सीएम और प्रधान ने हरी झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत कुशक नाला डीडीटी बस डिपो से 400 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमने दिल्ली की जनता को 400 'देवी' ई-बसें सौंपी हैं। इससे दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को लाभ मिलेगा।



देवी ई बसों के सड़कों पर चलने से दिल्ली का प्रदूषण स्तर कम होगा।

उन्होंने कहा कि आज हमने 400 बसें दी हैं और इस साल के अंत तक 2080 बसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ेंगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली में डीटीसी बेड़े में 400 ई बसों को जोड़ कर जनता की सेवा में समर्पित करने का स्वागत किया है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार ने दस साल तक डीटीसी के बस बेड़े में एक भी बस नही जोड़ी थी। इससे डीटीसी की सभी बसे अपना कानूनी फिटनेस जीवन से भी दो साल अधिक चल चुकी है।

## पहलगाम हमले पर सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं: खरगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र सरकार की ओर से किए गए जाति जनगणना के एलान पर चर्चा की गई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया था कि सीडब्ल्यूसी इन दोनों अहम मुद्दों पर बैठक में चर्चा करेगी। सूत्रों के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी की इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए जा सकते हैं। पहले प्रस्ताव में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जा सकती है। दूसरे प्रस्ताव में जल्द जाति जनगणना के लिए धन आवंटन की मांग की जा सकती है। बैठक में यह भी मांग उठाई जा सकती है कि संविधान में संशोधन करके आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा को हटाया जाए। साथ ही सरकार से यह अपील भी की जा सकती है कि अनुच्छेद 15(5) को लागू किया जाए, जो निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान करता है।

**सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद**

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। इसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

## आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की आवश्यकता: ओम बिरला

**बहुपक्षीय मंच**

- दोनों देशों के बीच क्वाड, जी-20 और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की बात की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो के साथ बैठक के दौरान की। फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन की पुष्टि की। दोनों देशों के बीच क्वाड, जी-20 और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की बात की।

## केदारनाथ धाम के कपाट खुले, 108 क्विंटल फूलों से मंदिर सजाया

**जय केदार**

- पहले दिन 10 हजार लोग पहुंचे,
- करीब 13 क्विंटल फूलों से गुजरात-बंगाल के कलाकारों ने सजाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को खोल दिए गए। कपाट खुलते ही भक्तों ने मंदिर के अंदर जलती अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद रुद्राभिषेक, शिवाष्टक, शिव तांडव स्तोत्र और केदाराष्टक के मंत्रों का जाप किया गया। मंदिर में सबसे पहले कर्नाटक के वीरशैव लिंगायत समुदाय के मुख्य रावल भीमशंकर पहुंचे। इसके बाद बाबा पर 6 महीने पहले चढ़ाया गया भीष्म श्रृंगार हटाया गया। मंदिर को 54 किस्म के 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे विभिन्न देशों से लाए गए गुलाब और गेंदा के फूल शामिल हैं।




### टोकन सिस्टम से करवाए जा रहे दर्शन

*पहले दिन करीब 10 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचे। भीड़ मैनेज करने के लिए टोकन सिस्टम से दर्शन करवाए जा रहे हैं। भक्त अब अगले 6 महीने तक दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच मौसम ठीक रहा तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है। 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुल गए हैं।*

**पानी की जरूरत** केंद्रीय गृह सचिव ने हरियाणा की तत्काल जल आवश्यकताओं पर चर्चा की

## भाखड़ा डैम से हरियाणा को 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा

**फैसला**

- यह भी तय हुआ कि डैम भरने के दौरान पंजाब को भी जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पानी दिया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने हरियाणा की पानी की जरूरतों को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में सलाह दी गई कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) का फैसला लागू किया जाए। इसके तहत अगले आठ दिनों तक भाखड़ा डैम से हरियाणा को 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि डैम भरने के दौरान पंजाब को भी जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पानी दिया जाएगा। इस बैठक में केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के प्रतिनिधि और बीबीएमबी के अफसर शामिल हुए।



**बीबीएमबी जल्द ही पानी छोड़ने के तरीके तैयार करेगा रूपरेखा**

इस बैठक का मकसद था हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों की पानी की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने के फैसले को अमल में लाना। बीबीएमबी जल्द ही अपने बोर्ड की बैठक बुलाएगा, जिसमें पानी छोड़ने के तरीके और समय को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। भाखड़ा और पोंग डैम से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान की पानी की जरूरतें पूरी होती हैं। बीबीएमबी हर साल 21 मई से अगले साल 21 मई तक के लिए इन राज्यों का पानी का कोटा तय करता है।

**पंजाब ने हरियाणा को पानी देने से किया इनकार**

हालांकि, पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को लेकर फिर से विवाद गहरा गया है। आम आदमी पार्टी (आप) शासित पंजाब ने बीजेपी शासित हरियाणा को ज्यादा पानी देने से इनकार कर दिया है। हरियाणा के विपक्षी नेताओं का आरोप है कि पंजाब ने भाखड़ा डैम से हरियाणा को पानी की सप्लाई 4,000 क्यूसेक पर सीमित कर दी है।

## नैनीताल में सांप्रदायिक तनाव पर सीएम सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** नैनीताल में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में बने सांप्रदायिक तनाव के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि दुष्कर्म के आरोपियों पर भी सख्त एक्शन हो। उन्होंने जिला प्रशासन को दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की देखभाल व परिवार की सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए। कहा कि सरकार पीड़िता और उसके परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी ने आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों से मामले की पूरी रिपोर्ट ली। मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक समेत सभी अधिकारियों की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारियां देने



और अफवाह फैलाने वालों की तत्काल पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने साफ किया कि उत्तराखंड की भूमि और राज्य की अस्मिता के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी व्यक्ति या संगठन देवभूमि की एकता को तोड़ने का दुस्साहस करेगा उससे सख्ती के साथ निपटा जाएगा। एसएसपी नैनीताल पीएन मीणा और एसएसपी ऊधमसिंह नगर मणिकांत मिश्रा मौजूद थे।

### सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सतर्कता और सावधानी बरती जाए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किरायेदारों के सत्यापन, रेहड़ी-पटरी,वालों, अवैध तरीके से भूमि पर कब्जा करने वालों और जिन लोगों के अवैध तरीके से प्रमाण पत्र बनाए गए हैं कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट तीन दिन में प्रस्तुत करें।

# जीयू में फार्मास्युटिकल रिसर्च के नए आयाम पर द्वितीय अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन हरियाणा ब्रांच** के सहयोग से गीता इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वारा जीयू मेंफार्मास्युटिकल रिसर्च के नए आयाम पर द्वितीय अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। आयोजित अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस में फामेर्सी क्षेत्र से जुड़े देश-विदेश के विशेषज्ञ, शिक्षाविद और शोधकताओं ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया की शिक्षा विनियमन समिति के अध्यक्ष डॉ दीपेन्द्र सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीयू के प्रो चांसलर निशांत बंसल ने दिप प्रज्वलित कर किया। डॉ दीपेन्द्र सिंह ने छात्रों को तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैटजीपीटी जैसे



टूल्स का अत्यधिक उपयोग छात्रों की रचनात्मकता को बाधित कर सकता है। हमें तकनीक को साधन की तरह अपनाना चाहिए न कि उस पर निर्भर हो जाना चाहिए। छात्रों को मोबाइल की लत से दूर रहने और प्रतिदिन 45 मिनट आत्मचिंतन व विकास के लिए निकालने की सलाह दी। साथ ही फामेर्सी क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को समय की मांग बताते हुए कहा कि आपके मस्तिष्क में प्रतिदिन जो विचार आते हैं वे ही भविष्य में नई खोज को बल देते हैं। डॉ दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा शोधार्थियों के लिए स्कॉलरशिप योजना, फामेर्सी शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम तथा देशभर में स्किल सेंटर की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम किया जा सके गुरु जम्भेष्वर यूनिवर्सिटी से आए डॉ डीसी भट्ट ने नई दवाओं की खोज की नई तकनीकें विषय पर विचार साझा किए और छात्रों को फार्मास्युटिकल रिसर्च में नवीन तकनीकों की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में विशेष रूप से अमेरिका के पेंसिल्वेनिया स्थित केवी रिसर्च के प्रेसिडेंट डॉ मुकेश कुमार ने फामेर्सी इंडस्ट्री में चुनौतियाँ और अवसर पर छात्रों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने वैश्विक फामेर्सी उद्योग की बदलती आवश्यकताओं, आधुनिक अनुसंधान, और उभरती संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज का छात्र यदि कौशल, अनुसंधान और नैतिकता तीनों पर ध्यान दे तो वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकता है।
इस मौके पर जीयू के प्रो चांसलर निशांत बंसल, कुलपति डा विकास सिंह, पीवीसी डा गुलशन चौहान, प्रिंसिपल डा सुनील जावला डॉ. अनुराग खटकड़, अध्यक्ष, इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन हरियाण, मनदीप मान, डॉ रोहित दत्त, डॉ विनीत मित्तल, डॉ राकेश गुप्ता, डॉ रितु कटारिया व डॉ आहिमा हूडा भी

# हैंडल लॉक होने से कार ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में हैंडल** लॉक होने की वजह से स्विफ्ट डिजायर कार ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। टक्कर के कुछ ही सेकंड बाद कार के बोनट से धुआं निकलने लगा और अचानक एयर बैग खुलते ही पूरी कार भीषण आग की चपेट में आ गई। हादसा बजीदपुर गांव में हुआ। देखते ही देखते कार धू-धू कर जल उठी और कार के अंदर का सारा सामान जल गया और सिर्फ ढांचा बचा। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हादसा होते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

## अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. रईस अहमद** पुत्र अब्दुल अजीज, **2. जाकिर** पुत्र रईस अहमद और **3. मीना** पत्नी रईस अहमद सभी निवास खसरा नं. 45, गली नं. 1, कतरन मार्केट, मौंगा नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 555/2022 धारा 498ए/406/377/34 भा.द.स., थाना लाहौरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. रईस अहमद, 2. जाकिर** और **3. मीना** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. रईस अहमद, 2. जाकिर** और **3. मीना** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 555/2022 धारा 498ए/406/ 377/34 भा.द.स., थाना लाहौरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. रईस अहमद, 2. जाकिर** और **3. मीना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.06.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री मान्या,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला न्यायालय (केंद्रीय)-02,
कमरा नं. 273, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5577/CD/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विपिन कुमार लूथरा, पुत्रः** स्व. श्री मुलक राज लूथरा, **पताः** मकान नं. 117, जेजी-1, भूतल, विकास पुरी, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 313/18 U/s 420/406/419/467/468/471/120B/34 IPC, थानाः क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विपिन कुमार लूथरा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विपिन कुमार लूथरा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 313/18 U/s 420/406/419/467/468/471/120B/34 IPC, थानाः क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विपिन कुमार लूथरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अनुज कुमार सिंह
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
26, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5422/Crime/2025
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/ साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-15-2025 | दिनांक 19.05.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (कार), साहिबाबाद, सांपला (द्वितीय प्रवेश), सांपला (मुख्य प्रवेश), पानीपत (प्रथम प्रवेश) (साइकिल-स्कूटर), टोहाना = कुल 6 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ | |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली - 110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 | |

संख्या: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 01.05.2025 1297/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **कुल नौ (09) स्टॉलः** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, कुरुक्षेत्र, पलवल, मेरठ कैंट, पानीपत, गुड़गांव और सब्जी मंडी स्टेशनों पर।
(ख) **कुल चौंतीस (34) ट्राली:** जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकोती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- कुरुक्षेत्र, पलवल, गुड़गांव, सब्जी मंडी और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त **(ख)** समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- **NSG 1, 2, 3 और 4** स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क **2000 रु.** की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और **NSG 5** (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) - **NSG 6** (सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क **1000 रु.** की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- **प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:**
  क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों / बुनकर आईडी कार्ड धारक ।
  ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/ शिल्पकार ।
  ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह ।
  घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग ।
  ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 08.05.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic comm/CommCir_2022/OSOP%20Policy-pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic comm/CommCir2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

इससे सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 1299/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी पाठ्य पुस्तकें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा शेखपुरा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तके प्रदान की गई और स्कूल के मेघावी छात्र छात्राओं को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में टीम के विशेष पदाधिकारी एवं सदस्य स्कूल में पहुंचे और कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को उनके सेलेब्स की पुस्तकें भेंट की गई। स्कूल के मेघावी विद्यार्थियों को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड के अंतर्गत ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। स्कूल की प्रिंसिपल हरमीत कौर ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत स्कूल के विद्यार्थियों को सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी जाती है। उन्होंने कहा कि करप्शन फ्री इंडिया में युवा एवं विद्यार्थी बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे, इसलिए इसके उन्हें प्रेरित किया जाता है। फाउंडेशन द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के जरूरतमंद विद्यार्थियों की हरसंभव मदद की जाती है। उसी कड़ी में खालसा स्कूल के विद्यार्थियों को आज पाठ्य पुस्तके भेंट की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से नैशनल चेयरपर्सन ह्यूमन राइट्स प्रकोष्ठ गुंजन भटनागर, नैशनल डायरेक्टर हरीश वधावन, स्टेट डायरेक्टर हरियाणा राजीव गोयल एवं स्टेट चेयरमैन हरियाणा आशीष मलिक उपस्थित रहे।

# महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। महापौर रेनू बाला** गुप्ता ने शुक्रवार को भी नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं का निवारण किया। उन्होंने कार्यालय में आए नागरिकों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों को उसका निवारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर के समक्ष सम्पत्ति कर आई.डी. में त्रुटि को दुरूस्त करना, सडकों के गढ्ढे भरने, सीवरेज व बरसाती लाईनो की सफाई तथा स्ट्रीट लाईटों को ठीक करने जैसी शिकायतें आई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके पास आमजन की जितनी भी शिकायतें आती हैं, उसका जल्द से जल्द समाधान किया जाए। एक शिकायत को लेकर बार-बार नागरिकों को कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने पर जोर दिया जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने कार्यों के प्रति गम्भीर रहें, किसी प्रकार की कोताही न बरतें और तय समय-सीमा में लोगों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे कार्यालय में आते समय अपनी शिकायतें लिखित रूप में लेकर आएं और अपना मोबाइल नम्बर भी अवश्य लिखें, ताकि कार्य होने की फीडबैक भी ली जा सके। उन्होंने जन सुनवाई के दौरान कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य हर वर्ग के हित, प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि पर केन्द्रित है।
कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत नागरिकों की सुविधाओं हेतू पूरे प्रदेश में सामान रूप से विकास कार्य करवा रही है।

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-04 | **कार्य का नामः-** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के तहत रेलवे सीमा MTC-HPU मार्ग पर RCC बाउंडरी दीवार की व्यवस्था का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):-** IREPS पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये):-** IREPS पर NIT के अनुसार। |
| | NIT-05 | **कार्य का नामः-** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली, सहायक मंडल अभियंता मेरठ के कार्यक्षेत्र में 61.1114 किमी की सुरक्षा बाड़ - एंटी) की व्यवस्था (क्रैश बैरियर का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):-** IREPS पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये):-** IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 27.05.2025 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/eTender Notice/NIT/04 & 05-25-26-W-II दिनांक: 01.05.2025
1311/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **कृष्ण, पुत्रः रणजीत, निवासीः L-2/29, लाल क्वार्टरर्स, विजय विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.408/2019 U/S 323/341/324/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.408/2019 U/S 323/341/324/34 IPC, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **कृष्ण** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **03.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री रीतिका जैन
जेएमएफसी-05, कमरा नं. 105, उत्तर-पश्चिम,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/5568/OD/2025
(अदालती मामला)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवीन राणा** पुत्र **अजीत सिंह राणा** निवासी **चौधरी आश्रम भवन, म.नं. 9, मुंगेशपुर, दिल्ली** ने **case CT No. 1785/2020 U/s 138 NI Act, थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **नवीन राणा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नवीन राणा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **case CT No. 1785/2020 U/s 138 NI Act, थाना कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नवीन राणा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
कमरा नं. 113, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5535/RD/2025(Court Matter)


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## नाम परिवर्तन

मैं मीसा चंद्रन सी/ओ मंनूलाल, निवासी मकान नं. 118, तीसरी मंजिल, बीएसए हॉस्पिटल क्यूटीआर, सेक्टर-6, रोहिणी दिल्ली- 110085 की निवासी हूं। मेरा सही नाम मीसा चंद्रन है। मीसा मंनूलाल गलत नाम है। भविष्य में मुझे मीसा चंद्रन के नाम से जाना जाए। मीसा चंद्रन और मीसा मंनूलाल दोनों एक ही महिला का नाम है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 17 सालों में रिकॉर्ड दूसरी सबसे ज्यादा बारिश

- मिंटो ब्रिज और आईटीओ जैसे संवेदनशील स्थानों पर पानी भर गया जिससे वर्षा होते ही जलभराव की समस्या फिर सामने आ गई
- दिल्ली की नई भाजपा सरकार इस बार जलभराव की समस्या दूर करने का दावा कर रही थी लेकिन हालात नहीं बदले

**सरकारी दावे फेल**

- कई इलाकों में जलभराव; खुल गई तैयारियों की पोल
- तूफान और बारिश से 04 लोगों की मौत





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार सुबह झमाझम बारिश हुई। इस कारण मई के महीने में एक दिन की 17 सालों (2009 से 2025) में यह दूसरी सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई। इससे पूर्व 20 मई 2021 को 119.3 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। लोधी रोड पर 78.0 मिमी, पालम में 45.6 मिमी, रिज में 59.2 और आया नगर में 39.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस बारिश और आंधी से तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है।

**दिल्ली की कई सड़कों पर लबालब पानी**
भारी बारिश से एक बार फिर से दिल्ली की कई सड़कों पर पानी भर गया। दिल्ली की नई भाजपा सरकार इस बार जलभराव की समस्या दूर करने का दावा कर रही थी। इसके लिए मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक व सड़कों पर उतरकर निरीक्षण कर रहे थे। लेकिन, वर्षा होते ही दिल्लीवासियों की परेशानी बढ़ गई। पिछले वर्ष की तरह जलभराव को लेकर संवेदनशील स्थानों पर पानी भर गया।

**सरकार का दावा- जलभराव को लेकर पूरी है तैयारी**
पिछले दिनों बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया था कि जलभराव वाले अधिकांश स्थानों पर समस्या दूर कर दी गई है। अन्य स्थानों पर तेजी से काम चल रहा है। पिछले कई दिनों से नालों की सफाई का काम चल रहा है, लेकिन शुक्रवार सुबह की वर्षा से उनके दावों की पोल खुल गई। मिंटो ब्रिज, आईटीओ, किशनगंज अंडरपास सहित अन्य स्थानों पर पानी भरने से वाहनों की आवाहाजी प्रभावित हुई।

**जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने किया जल निकासी काम का निरीक्षण**
लोक निर्माण विभाग व जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कई स्थानों पर जल निकासी के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा बेमौसम रिकॉर्ड वर्षा से कई स्थानों पर कुछ मात्रा में पानी रूक गया है। सुबह साढ़े पांच बजे से ही कई स्थानों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।
जल मंत्री ने मिंटो ब्रिज पर जाकर देखा कि चारों पंप चल रहे थे और ऑपरेटर भी तत्पर था। एक पाइप फट गया था जिसको ठीक करने के लिए बोला गया है। मानसून को ध्यान में रखकर पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड, एनडीएमसी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा नालों की सफाई की जा रही है।

## बारिश के बाद डरावना मंजर... उखड़े पेड़ों ने मचाई तबाही, उजड़ीं कई जिंदगियां



*__नई दिल्ली।__ दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार की अल सुबह तेज आंधी और बारिश से हुई। यह समय ऐसा था जब बहुत से लोग अपने घरों में सो रहे थे और उन्हें इसका पता भी नहीं चला। जब वो अपने घरों से बाहर निकले तो बाहर का मंजर देखकर उन्हें मौसम का हाल पता चला।*
*आज दिल्ली-एनसीआर और आसपास में आंधी इतनी तेज थी कई विशाल पेड़ जड़ों से उखड़ गए। कहीं ये खिड़की तोड़ घर के अंदर घुस गए। कहीं पेड़ों के गिरने की वजह से घर या कमरे की दीवार ही ढह गई जिसमें कुछ लोगों की मौत हो गई। वहीं पेड़ों के गिरने के चलते कई कारों को भी नुकसान हुआ। एक जगह दो एक बड़े पेड़ के उखड़ने से एक कार उसकी जड़ में फंसकर लटक गई तो पेड़ के आगे का हिस्सा दूसरी कार पर गिरा। इस तरह एक ही पेड़ ने कई कारों को नुकसान पहुंचाया।*

***सरकार बदली पर नहीं बदले सड़कों के हालात***
*सुबह हुई वर्षा से एक बार फिर से दिल्ली की कई सड़कों पर पानी भर गया। दिल्ली की नई भाजपा सरकार इस बार जलभराव की समस्या दूर करने का दावा कर रही थी। इसके लिए मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक व सड़कों पर उतरकर निरीक्षण कर रहे थे। लेकिन, वर्षा होते ही दिल्लीवासियों की परेशानी बढ़ गई।*

### पेड़ गिरने से चार लोगों की मौत पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दुख जताया

*__नई दिल्ली।__ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आंधी और बारिश के दौरान जाफरपुर कलां में पेड़ गिरने से एक परिवार के चार लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा कि कल देर रात और आज सुबह दिल्ली एनसीआर में आंधी-बारिश के दौरान पेड़ गिरने की कई घटनाएं सामने आई है। दिल्ली जलबोर्ड एवं दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों ने जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए सुबह से काम में लगाए।*
*इन कर्मियों ने दिल्ली की सड़कों से तुरंत पानी की निकासी एवं सफाई सुनिश्चित की ल्ल दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जाफरपुर कलां हादसे के बाद भाजपा के क्षेत्रीय विधायक संदीप सहरावत, पार्षद अमित खरखड़ी एवं शशी यादव ने पीड़ित परिवार के लिए राहत एवं दुर्घटना में घायल परिवार के मुखिया के लिए मेडिकल राहत सुनिश्चित की।*

## महंगी गाड़ियां चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दुबई से हो रहा था संचालन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। महंगी** कारों को चोरी करने में माहिर अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में वाहन चोर, सप्लायर और रिसीवर शामिल हैं। गिरोह का संचालन दुबई से आमिर पाशा नामक आरोपित द्वारा किया जा रहा था। दिल्ली से उनकी निशानदेही पर 15 महंगी चोरी की गाड़ियां बरामद की गईं। इनके साथ फर्जी नंबर प्लेट, फर्जी आर/सी और डुप्लीकेट रिमोट कीज भी बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बुलंदशहर के ताज मोहम्मद उर्फ ताजू उर्फ चवन्नी, सीलमपुर के इमरान खान उर्फ गुड्डू, मुंबई के बांद्रा के कुणाल सुभाष जायसवाल, जसोला के अकबर, यूपी मुरादाबाद के मतीन खान, मेरठ के नागेंद्र सिंह उर्फ नागिन, निलोठी एक्सटेंशन के मनीष आर्य और गाजियाबाद के नदीम के रूप में हुई है।
आरोपित किआ सेल्टोस, हुंडई क्रेटा, टोयोटा फार्च्यूनर और महिंद्रा थार जैसी लोकप्रिय गाड़ियों को निशाना बनाते थे। पुलिस मास्टरमाइंड आमिर पाशा सहित

## दिल्ली में प्रदूषण कम करने में ली जाएगी स्टार्टअप्स की मदद



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता सुधारने की दिशा में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक ओपन इनोवेशन चैलेंज का एलान किया। इस चैलेंज का मकसद आम जनता और नए स्टार्टअप्स को दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ जारी लड़ाई में हिस्सा लेने का मौका देना है।

**लॉन्च होगा स्कीम**

- पर्यावरण मंत्री सिरसा ने ओपन इनोवेशन चैलेंज का एलान किया

**ट्रकों और बसों पर लगेंगे प्रदूषण कम करने वाले डिवाइस**
मंत्री सिरसा ने बताया कि सरकार अब ट्रांसपोर्ट को समस्या नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनाने जा रही है। इसके तहत बसों और ट्रकों पर ऐसे डिवाइस लगाए जाएंगे जो हवा में प्रदूषण को कम कर सकें। उन्होंने कहा कि हमने ठान लिया है कि दिल्ली के प्रदूषण को साइंस और तकनीक की मदद से हराएंगे। आमतौर पर प्रदूषण का प्रमुख कारण माना जाने वाला ट्रांसपोर्ट अब इसके समाधान का हिस्सा बनेगा। हम इनोवेशन में विश्वास रखते हैं। इनोवेशन ही पॉल्यूशन को खत्म करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जल्द ही एक स्कीम लांच करेगी। जिसमें आम लोग और स्टार्टअप अपने आइडिया दे सकते हैं।


## पूर्व सांसद बृजभूषण पर दर्ज पॉक्सो मामले की सुनवाई 17 मई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई टाल दी है। एडिशनल सेशंस जज गोमती मनोचा ने क्लोजर रिपोर्ट पर दिल्ली पुलिस की आंशिक दलीलें सुनीं। मामले की अगली सुनवाई 17 मई को होगी। इससे पूर्व भी मामले में कई बार सुनवाई टल चुकी है। कोर्ट ने 1 अगस्त 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस की जांच पर संतोष जताया था। नाबालिग पहलवान और उसके पिता दोनों ने इन-कैमरा बयान दर्ज कराया। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा दूसरा कोई उपस्थित नहीं होता है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए 4 जुलाई 2023 को शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को नोटिस जारी किया था।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने नागरिक सेवाओं की स्थिति का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण

**निर्देश जारी**

- शिकायतों का समाधान और प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने दिल्ली में शुक्रवार भारी बारिश और आंधी के मद्देनजर एनडीएमसी में नागरिक सेवाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने पेड़ गिरने, जलभराव, विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याओं के निराकरण की स्थिति का मौके पर जायजा लिया। कुलजीत सिंह चहल ने एनडीएमसी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का भी दौरा किया। जहाँ उन्होंने फील्ड ऑपरेशनों की लाइव मॉनिटरिंग की और नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध और प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो। आज कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें 25 पेड़ गिरने, 12 जलभराव तथा 24 बिजली आपूर्ति से संबंधित थीं।

### सदन की प्रेस और स्पीकर गैलरी से हटाए गए ग्लास के पैनल

**नई दिल्ली।** जनता के प्रति पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए दिल्ली विधान सभा में स्पीकर गैलरी और प्रेस गैलरी को घेरने वाले कांच के पैनलों को हटा दिया गया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर लिया गया है, ताकि सदन की कार्यवाही को अधिक खुलापन और पहुंच प्रदान की जा सके। विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य उन भौतिक अवरोधों को समाप्त करना है।

## नरेश बाल्यान को मकोका मामले में राहत मिलेगी या नहीं, कोर्ट अब पांच को करेगा फैसला

**सुनवाई**

- पुलिस ने पहले वसूली के एक मामले में नरेश बाल्यान को 30 नवंबर 2024 की रात में गिरफ्तार किया था



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता नरेश बाल्यान को मकोका मामले में राहत मिलेगी या नहीं इसका फैसला अब पांच मई को होगा। राऊज एवेन्यू कोर्ट अब दिल्ली पुलिस की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर सोमवार को सुनवाई करेगा। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने ये शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद ये आदेश दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि नरेश बाल्यान के खिलाफ मकोका की धारा 3 और 4 के तहत पूरक चार्जशीट एक मई को दाखिल की गई थी। चार्जशीट में नरेश बाल्यान के अलावा साहिल ऊर्फ पोली, विजय ऊर्फ कालू और ज्योति प्रकाश ऊर्फ बाबा को भी आरोपी बनाया गया है। दिल्ली पुलिस ने चार जनवरी को रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेजों की चार्जशीट दाखिल दी थी।

### मकान में पड़ोसी की गिरी दीवार, तीन घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश कई जगहों पर आफत लेकर आई। द्वारका जिले के छावला इलाके में एक मकान में पड़ोस की दीवार गिर गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी का उपचार चल रहा है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे छावला थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव पापरावत में एक पड़ोसी की दीवार गिर गई है। घटना में तीन लोग घायल हुए है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों घायलों ओमप्रकाश, उनके बेटे लव व सौरभ को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी का उपचार चल रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### लूटपाट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान शास्त्री पार्क निवासी मोहम्मद इरशाद के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने इरशाद की निशानदेही पर उसके दो अन्य साथी उज्जवल और सोनू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए सोनू के कब्जे से पीड़ित का लूटा हुआ फोन बरामद किया। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि 28 अप्रैल की शाम शास्त्री पार्कथानापुलिस को लूटपाट की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम शास्त्री पार्क स्थित मछली मार्किट पहुंचे। घटनास्थल पर पीड़ित सुनील कनोजिया बदहवास हालत में मिले। पूछने पर उसने बतलाया की तीन लड़के मार पीट करने के बाद उसका मोबाइल फोन लूट कर ले गए हैं। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए व्यक्ति के बताये हुए रस्ते पर आगे बढे तो एक कुछ दूर एक लड़का जाता हुआ दिखा। जिसका पीछा करके टीम ने उसे काबू किया। तब तक पीड़ित व्यक्ति भी उनके पास पहुंच गया और शिनाख्त करते हुए बताया की इसी लड़के ने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर लूट की है। पकडे गए लड़के की पहचान मोहम्मद इरशाद के रूप हुई है।

### 'फिट इंडिया सन्डे ऑन साइकिल' में शिक्षकों संग पैडल मारेंगे खेल मंत्री मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया रविवार (4 मई) को राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले फिट इंडिया सन्डे ऑन साइकिल के विशेष संस्करण ह्यसाइकिलिंग विथ टीचर्स कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।



# सतत बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में मजबूत, टिकाऊ और सतत बुनियादी ढांचा को सुनिश्चित करने के लिए आज क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी द्वारा तैयार मानक संचालन विधियां एवं प्रक्रियाओं (एसओएमपी) का विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक विजन है। एक ऐसी नींव, जिस पर हम गुणवत्तापूर्ण और दीर्घकालिक अवसंरचना, सेवाएं और सुशासन का भव्य भवन निर्मित करेंगे। यह आयोजन हरियाणा की विकास यात्रा में गुणवत्ता को केंद्र में रखने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ये एसओएमपी हरियाणा की विकास यात्रा में गुणवत्ता को केंद्र में रखने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जिला पंचकूला में आयोजित क्वालिटी एश्योरेंस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए




मुख्यमंत्री ने हरियाणा क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने अल्प समय में जो अनुकरणीय कार्य किए हैं, उसके लिए प्राधिकरण सराहना का पात्र है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी की वेबसाइट को भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह 'गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण' भारत का पहला राज्य स्तरीय संस्थान है, जो अवसंरचना

### 'हरियाणा का हर निर्माण कार्य, हर सेवा और हर नीति अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरे'

स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में एसओपी जीवन बचाने का काम करते हैं। ये वैश्विक निर्माण उद्योग में 'सिक्स - सिग्मा' जैसे मानक उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं उन्होंने कहा कि आज का गुणवत्ता आश्वासन सम्मेलन केवल प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के बारे में नहीं, यह हमारे समग्र दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो हमें एक मजबूत, सुरक्षित और स्मार्ट हरियाणा बनाने की ओर अग्रसर करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हरियाणा का हर निर्माण कार्य, हर सेवा और हर नीति अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरे।

गुणवत्ता पर पूर्ण रूप से ध्यान केंद्रित करता है। इसके मॉडल को अन्य राज्य और केंद्रीय संस्थाएं भी अध्ययन कर रही हैं, ये हमारे लिए गौरव की बात है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह मॉडल जल्द ही पूरे देश में गुणवत्ता आश्वासन के लिए एक 'राष्ट्रीय नेटवर्क' के रूप में विकसित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्ता ही व्यक्ति की पहचान है। गुणवत्ता का अर्थ है चीजों को सही तरीके से करना और तब करना, जब हमें कोई देख न रहा हो। अगर हम अपने जीवन में सुधार लाना चाहते हैं तो क्वालिटी में सुधार लाना होगा।

### अधूरा या खराब निर्माण, निर्माण न होने से भी ज्यादा हानिकारक होता

सीएम ने कहा कि अधूरा या खराब निर्माण, निर्माण न होने से भी ज्यादा हानिकारक होता है। इसी सोच को आत्मसात करते हुए सरकार ने गुणवत्ता को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। आज विमोचन किए गए एसओएमपी दस्तावेज, सरकारी विभागों, अभियंताओं, ठेकेदारों और नीति निर्माताओं के लिए गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में मानदंड तय करेगा। उन्होंने कहा कि एसओपी सिर्फ प्रशासनिक उपकरण नहीं हैं, ये सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता के उपकरण हैं। उदाहरण के लिए, वाणिज्यिक विमानन ने एसओपी के माध्यम से दुर्घटनाओं को कम किया है। आज, प्रति एक मिलियन उड़ानों में केवल 1.3 दुर्घटनाएं होती हैं और यह एसओपी के कारण ही संभव हो पाया है।

## जल पर राजनीति न करे पंजाब सरकार: विपुल गोयल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पंजाब सरकार को चेतावनी दी है कि वह पानी के मुद्दे पर राजनीति न करे, वरना उनका हश्र भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पानी पर राजनीति करना देश और जनता के हित में नहीं है और यह जनता के साथ अन्याय है। विपुल गोयल ने कहा कि दिल्ली में पानी की कमी को लेकर जनता परेशान है और उसी राह पर अगर पंजाब सरकार चली, तो उसे भी जनता का गुस्सा झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जल संकट एक गंभीर विषय है, इसे राजनीतिक फायदा के लिए इस्तेमाल करना गलत है। कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक

**पानी का मुद्दा**

**दिल्ली में पानी की कमी को लेकर जनता परेशान है और उसी राह पर अगर पंजाब सरकार चली: विपुल गोयल**

में फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम सिंह यादव, पुलिस कमिश्नर, नगर निगम कमिश्नर समेत सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक का प्रमुख उद्देश्य फरीदाबाद में जारी विकास कार्यों की समीक्षा करना और आगामी मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लेना था। विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति से लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।

## न्यूज फ्लैश

### नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाना संघीय ढांचे पर चोट है: चौ. अभय

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाने की कड़ी निंदा करते हुए इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यह संघीय ढांचे पर चोट है और एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए, मुख्यमंत्री भगवंत मान पर मुकदमा दर्ज कर इस पूरे मामले की जांच सीबीआई द्वारा करवाई जानी चाहिए। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब हिमाचल से आए पानी पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने ताला लगाया है। केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करके इस स्थिति को अपने हाथ में लेना चाहिए। बीबीएमबी में तुरंत अर्धसैनिक बल मुहैया करवाकर पंजाब पुलिस को बीबीएमबी से वापिस भेजे जाएं। साथ ही बीबीएमबी में हरियाणा सरकार की तरफ से तकनीकी सदस्य की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की जाए। अगर जल्द ही केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रित नहीं किया तो कानूनी स्थिति बिगड़ सकती है। हरियाणा में चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। अगर केंद्र की सरकार ने इस स्थिति को नहीं संभाला तो इनेलो पार्टी हरियाणा की जनता के साथ सड़कों पर उतरेगी। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में कहा था कि हरियाणा को उसके हक का पानी देंगे। अब हरियाणा में चुनाव हारने के बाद पानी देने से इंकार करके हार की खीज मिटा रहे हैं। जहां आप, कांग्रेस और भाजपा पंजाब में हरियाणा को पानी न देने के मामले में एकमत हो गई हैं वहीं हरियाणा के लोगों के सामने पंजाब से अपना हक लेने का ढोंग करती है। इससे भाजपा, कांग्रेस और आप पार्टी का दोहरा चेहरा हरियाणा के लोगों के सामने उजागर हो गया है।

### फरीदाबाद: एनएचपीसी अंडरपास में भरा पानी, कार डूबी, क्रेन से बाहर निकाला

**फरीदाबाद।** बारिश के चलते एनएचपीसी चौक के पास ग्रीन फिल्ड अंडरपास में पानी भर गया। पानी भर जाने से एक कार डूब गई, गनीमत रही कि समय रहते ड्राइवर ने कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। टैफिक पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। शुक्रवार की सुबह चार बजे से ही लगातार बारिश के चलते ग्रीन फिल्ड अंडरपास में कई फीट पानी भर गया। बारिश के चलते सीवरेज भी ओवरफ्लो होकर अंडर पास में एकत्रित हो गया। पुलिस के मुताबिक ड्राइवर गाड़ी को लेकर पानी में से अंडरपास को पार कर रहा था। लेकिन पानी में जाने के बाद गाड़ी बंद हो गई, कार ड्राइवर बिना देरी के गाड़ी से बाहर निकल गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को रोकने के लिए अंडरपास के गेट बंद कर दिए। ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस कर्मचारी जाकिर हुसैन सहायक कर्मचारियों के साथ पानी में उतर गए और क्रेन की मदद से रस्सी से खींचकर कार को बाहर निकाला। पुलिस कर्मचारी जाकिर हुसैन ने बताया कि अभी तक जान की कोई हानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि हम सुबह 5 बजे यहां पहुंचे थे, उससे पहले ही कार डूब चुकी थी। पुलिस के द्वारा मशीनों की मदद से अंडरपास में भरे पानी को बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया गया है।

### कूरियर में सोने की घड़ी व डालर आने के नाम पर युवक से 6 लाख रुपये ठगे

**फतेहाबाद।** कूरियर में सोने की घड़ी व डालर आने पर टैक्स के नाम भड़कलां के एक युवक से साइबर ठगों ने लाखों रुपये हड़प लिए। युवक को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने शुक्रवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना अधिकारी का लक्ष्य होना चाहिए: बंडारू

**मार्गदर्शन**

**राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की औपचारिक मुलाकात**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश के सरचनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने व गरीब, दलितों व वंचितों के लिए सरकार की योजना को पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति व हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी अधिकारी अपनी इस राष्ट्र के प्रति



भूमिका को समावेशी प्रतिबद्धता, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प की भावना से निभाएं।

राज्यपाल ने यह बात शुक्रवार को राजभवन में 2024-26 बैच के पांच प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने सभी अधिकारियों से बातचीत करते हुए उनके प्रशिक्षण, लक्ष्य व अनुभवों के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। उन्होंने सभी पांच अधिकारियों-सुअदिति सिंघानिया, राहुल कंवारिया, सुरुहानी, सुसुमन यादव और योगेश दिल्लहोर को भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके परिवार के बारे में भी उनसे

### 'पूरी सच्चाई, ईमानदारी, कर्तव्य, निष्ठा और पारदर्शिता से अपना दायित्व निभाए'

राज्यपाल ने कहा कि आप सबको राष्ट्र सेवा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पद मिला है। इसलिए आप अपनी अंतर आत्मा से पूरी सच्चाई, ईमानदारी, कर्तव्य, निष्ठा, निष्पक्षता और पारदर्शिता से अपना दायित्व निभाएं और पद की गरिमा के अनुरूप अपने शालीनता पूर्ण व्यवहार और उत्कृष्ट कार्यशैली से न केवल सरकार एवं प्रशासन में अपनी एक अलग पहचान बनाएं बल्कि समाज के लोगों के दिलों में भी अपनी विशेष जगह बनाएं।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, एडीसी मनप्रीत सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। राजनेता व्यवस्था में पांच साल के लिए आता है, लेकिन आप लोग 30 से 32 वर्षों तक व्यवस्था में रहकर जनता की सेवा करेंगे। इसलिए जनता की जरूरतों को गहनता एवं सरलता से समझ कर जन कल्याणकारी नीतियां बनाएं एवं उनके क्रियान्वयन के लिए कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि किस प्रकार इन नीतियों का लाभ गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और हर जरूरतमंद तक पहुंचे।

जानकारी प्राप्त की। दत्तात्रेय ने सभी अधिकारियों से फील्ड में घूम कर गांवों की ग्राउंड रिपोर्ट लेने और वहां के लोगों की समस्याओं को समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं, जैसे- राशन कार्ड, पेंशन स्कीम और जरूरतमंदों को मकान आदि अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर व बिना किसी तकलीफ के मिले ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजनेता व्यवस्था में पांच साल के लिए आता है, लेकिन आप लोग 30 से 32 वर्षों तक व्यवस्था में रहकर जनता की सेवा करेंगे। इसलिए, जनता की जरूरतों को गहनता एवं सरलता से समझ कर जन कल्याणकारी नीतियां बनाएं एवं उनके क्रियान्वयन के लिए कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि किस प्रकार इन नीतियों का लाभ गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और हर जरूरतमंद तक पहुंचे।

## वेव्स समिट में हरियाणा पैवेलियन में दिखी फिल्म नीति की झलक

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** मुंबई के जीओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेव्स समिट (वर्ल्ड ऑडियो -विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट) का उद्घाटन किया। वेव्स समिट में 30 देशों ने भागीदारी की, इसके अलावा गूगल, फेसबुक जैसी विश्वस्तरीय कंपनियों के साथ बॉलीवुड और हॉलीवुड की प्रसिद्ध कंपनियां भी शामिल हुईं। इस समिट में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा द्वारा हरियाणा पवेलियन की प्रदर्शित किया गया, जिसमें

**भागीदारी**

**मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने किया दौरा**

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और हरियाणा की फिल्म पॉलिसी को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं हरियाणवी कलाकार भी उपस्थित रहे। विश्व स्तरीय वेव्स समिट में लगाए गए हरियाणा पवेलियन में हरियाणा फिल्म पॉलिसी के माध्यम से हरियाणा में फिल्मों को बढ़ावा देने, हरियाणवी कलाकारों को प्रोत्साहित करने तथा हरियाणा के युवाओं को इस क्षेत्र में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रदर्शित किया गया।

### बारिश से घटा तापमान, निर्माणाधीन इमारत की शटरिंग गिरी

**फरीदाबाद।** शहर में शुक्रवार सुबह अचानक हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। सुबह करीब पांच बजे ठंडी हवा चली और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग अनुसार आज दिन में भी बूंदाबांदी हो सकती है। लगातार तेज बारिश और हवाओं से ग्रीन फील्ड इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की शटरिंग गिर गई। शुक्रवार की सुबह हुई बारिश ने मौसम को ठंडा और सुहावना बना दिया।

## योजनाओं के बजट का पूरा सदुपयोग करें: कृषि मंत्री



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि विभाग की सभी योजनाओं के लिए निर्धारित किये गए बजट का पूरा सदुपयोग करें ताकि किसानों को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने समग्रत जमीन का ताजा सर्वे करके उस क्षेत्र में मछली पालन की संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश दिए। कृषि मंत्री चंडीगढ़ में कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्याम सिंह राणा ने मृदा संरक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य तथा आगामी फसल की बुआई के सीजन को देखते हुए खाद की उपलब्धता की तैयारियों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को इस दिशा में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

**बजट**

**जितनी योजनाएं चलाई गई हैं उन सभी का लाभ किसानों को मिलना चाहिए, बजट की कमी नहीं रहने दी जाएगी**

उन्होंने अधिकारियों से फसलों के बीज के लिए दिए जा रहे अनुदान के बारे में विस्तार से बात की और निर्देश दिए कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता का बीज उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने आगे कहा कि कृषि विभाग के तहत किसानों के हित के लिए जितनी योजनाएं चलाई गई हैं उन सभी का लाभ किसानों को मिलना चाहिए, बजट की कमी नहीं रहने दी जाएगी। कृषि मंत्री ने प्रदेश में सेमग्रस्त भूमि के बारे में जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ष एक लाख हैक्टेयर भूमि को सेम-मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## हरियाणा के हिस्से का कम पानी मिलने से समस्या हुई विकराल: सैलजा

**सरकार के साथ**

**सरकार जिस भी मंच पर आवाज उठाएगी उसमें कांग्रेस का उसे पूर्ण सहयोग रहेगा: कुमारी सैलजा**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को कहा कि एक ओर जहां तत्कालीन भाजपा सरकार देश की नदियों को एक दूसरे से जोड़कर पानी की कमी और बाढ़ की समस्या खत्म कराना चाहती थी वहीं मौजूदा सरकार पानी को लेकर



गंभीर नहीं है। पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा से हरियाणा के हिस्से का पानी कम किए जाने से समस्या और विकराल हो गई है। सैलजा ने कहा कि इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार जिस भी मंच पर आवाज उठाएगी उसमें कांग्रेस का उसे पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम यमुना नहर से निकलने वाली सिरसा ब्रांच केनाल का आज भी नेटवर्क है इसकी नवीनीकरण कर सरकार जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा को जल संकट से छुटकारा दिला सकती है। सैलजा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखे पत्र में कहा है कि पंजाब की तानाशाह सरकार हरियाणा को उसके हिस्से का पानी कम दे रही है जिसे गंभीरता से लेने की जरूरत है, इस मुद्दे को लेकर आप जब भी केंद्रीय जल शक्ति मंत्री या प्रधानमंत्री से मिले तो हम (कांग्रेस) भी आपके साथ रहकर हरियाणा के हित में आवाज उठाएंगे। सैलजा ने कहा कि भाखड़ा नहर के पानी से हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, जींद के लोगों की प्यास बुझती है और फसलों की सिंचाई होती है।

## जींद में गहराया पेजयल संकट, बरवाला ब्रांच से कम आ रहा पानी

टीम एक्शन इंडिया

**जींद।** गर्मी के मौसम की शुरूआत हो चुकी है और साथ ही पेयजल संकट भी खड़ा हो रहा है। जलघरों में पानी कम होने की वजह से पेयजल की समस्या लगातार गहरा रही है। कई गांवों में दो-दो दिन में पेयजल सप्लाई आ रही है तो वहीं सेक्टरों में पानी के टैंकर भेज कर काम चलाया जा रहा है। जिला में 150 लीटर प्रति व्यक्ति पानी निर्धारित किया गया है। शहर की बात की जाए तो प्रतिदिन डेढ लाख लीटर पानी की खपत होती है। वहीं हजारों लीटर पानी कैंपरों के माध्यम से भी सप्लाई होता है। जिला में पिछले माह नौ अप्रैल को हांसी व सुंदर ब्रांच नहर में पानी आया था। 16 अप्रैल तक पानी चलाया जाना था लेकिन जलघरों में भरने के लिए 24 अप्रैल तक पानी चलाया गया। 32 दिन बाद दोबारा नहर में पानी आता है। 16 अप्रैल को पानी बंद होने का समय था। इसलिए अब 19 मई को दोनों नहरों में पानी आएगा। ऐसे में आगामी 18 दिन तक जलघरों में उपलब्ध पानी से काम चलाना होगा या फिर ट्यूब्वेल के सहारे प्यास बुझेगी।

**बरवाला ब्रांच नहर में 1500 की बजाए 350 क्यूसेक पानी ही छोड़ा**

जींद जिला की बात की जाए तो यहां से दो नहरें भाखड़ा व बरवाला ब्रांच नहर हैं। भाखड़ा नहर में पानी न के बराबर है जबकि बरवाला ब्रांच नहर में 1500 क्यूसिक पानी आना चाहिए था वहीं केवल 350 क्यूसिक पानी आ रहा है। जिसके चलते पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं जींद शहर से गुजरने वाली हांसी ब्रांच नहर में 21 मई को पानी आएगा। जोकि फिलहाल बंद है।

## बार-बार चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधा: औमप्रकाश धनखड़

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** बार-बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधा हैं। इससे न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है, बल्कि सुरक्षा, प्रशासन और संसाधनों पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने अलीगढ़ स्थित मंगलायतन विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए यह वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि देशभर से एक ही आवाज आ रही है कि बार बार चुनाव से छुटकारा मिलना चाहिए। यही सही समय है कि एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में फैसला हो। श्री धनखड़ ने कहा कि जो विषय देश हित में




होता है, भाजपा उस विषय को पूरे मनोभाव से आगे बढ़ाती है। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने देश के लोगों की भावनाओं के अनुरूप देश के पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में इस विषय पर कमेटी बनाई। देशभर से एक ही आवाज आ रही है कि देश के विकास की गति बनाए रखने और संसाधनों की बचत के लिए किसी भी तय निश्चित अवधि में एक बार ही चुनाव होने चाहिए। बार बार चुनाव के कारण लगने वाली आदर्श आचार संहिता से विकास कार्यों में बाधा आती है। उन्होंने कहा कि बार बार चुनाव प्रबंधन में टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई और संसाधन की अनावश्यक खपत होती है।

**जागरूक किया**

**मंगलायतन विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र - एक चुनाव विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोले भाजपा राष्ट्रीय सचिव**

श्री धनखड़ ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से नीतियों में अधिक निश्चितता आएगी। बार-बार चुनाव होने से अनिश्चितता का माहौल बनता है और इससे नीतिगत निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। चुनावों के एक साथ होने से आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होगी, जिससे व्यवसाय प्रतिकूल नीतिगत परिवर्तनों के भय के बिना निर्णय लेने में सक्षम होंगे।

उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव नीतिगत निष्क्रियता को रोकता है और शासन पर ध्यान केंद्रित बढ़ाता है। श्री धनखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और छोटी सरकार यानी शहर या गांव की सरकार के चुनाव एक समय होने हैं तो लोगों को बार बार लगने वाली आचार संहिता से निजात मिलेगी, सरकारी खर्च कम होगा, सरकारी मशीनरी को विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में ज्यादा समय मिलेगा। सामाजिक सौहार्द अच्छा रहेगा।

श्री धनखड़ ने कहा कि आप समाज में बुद्धिजीवी की श्रेणी में माने जाते हैं। आपकी बात को समाज में ध्यान से सुना जाता है।

# आदि गुरु शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत दर्शन में संसार की समस्त समस्याओं का समाधान विद्यमानः डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सनातन वैदिक** धर्म व संस्कृति के पुनरुद्धारक आदि गुरु शंकराचार्य ने समाज में व्याप्त विभिन्न धार्मिक विरोधाभास, भ्रम व चुनौतियों को ध्वस्त कर अद्वैत वेदांत के सिद्धान्त से सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण का मार्ग दिखाया। अल्पायु में ही अपने ज्ञान व दर्शन से वैदिक संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए आदि शंकराचार्य जी ने पूरे भारत में अपने पुरुषार्थ से जन जन में अध्यात्म व सांस्कृतिक चेतना को जागृत किया व चार दिशाओं में चार मठ स्थापित कर भारत को आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधने का भगीरथ कार्य किया। यह विचार आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित अद्वैत दर्शन संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के




ब्रम्हचारियों ने आचार्य शंकर के चित्र माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के ब्रहचारियों ने आचार्य आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन से सम्बन्धित प्रेरक रसंग भी प्रस्तुत किये। ब्रम्हचारियों को सम्बोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा शंकराचार्य एक महान समन्वयवादी थे। उन्हें सनातन धर्म को पुनः स्थापित एवं प्रतिष्ठित करने का श्रेय दिया जाता है। एक तरफ उन्होने अद्वैत चिन्तन को पुनर्जीवित करके सनातन हिन्दू धर्म के दार्शनिक आधार को सुदृढ़ किया, तो दूसरी तरफ उन्होने जनसामान्य में प्रचलित मूर्तिपूजा का औचित्य सिद्ध करने का भी प्रयास किया। आदि गुरु शंकराचार्य का सामाजिक दर्शन मुख्य रूप से अद्वैतवाद पर आधारित है। वे भारतीय समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए, विभिन्न मतों, संप्रदायों और पूजा पद्धतियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए प्रयासरत थे। आदि गुरु शंकराचार्य ने भारतीय सनातन परम्परा को पूरे देश में फैलाने के लिए भारत के चारों कोनों में चार

**कल्याण मार्ग**

**चुनौतियों को ध्वस्त कर अद्वैत वेदांत के सिद्धान्त से सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण का मार्ग दिखाया**

शंकराचार्य मठों की स्थापना, चारों कुंभों की व्यवस्था, वेदांत दर्शन के शुद्धाद्वैत संप्रदाय के शाश्वत जागरण के लिए दशनामी नागा संन्यासी अखाड़ों की स्थापना, पंचदेव पूजा प्रतिपादन उन्हीं की देन है। आदि गुरु शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत दर्शन में संसार की समस्त समस्याओ का समाधान विद्यमान है। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष की अल्पायु में संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बखूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भाँति समझ पाए। वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है। कार्यक्रम का समापन विश्वमंगल की प्रार्थना से हुआ। कार्यक्रम में आश्रम के सदस्य, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# पीओके हमारा है और आ रहा है : महाकाल कैलाशपुरी महाराज

**मानवता की हत्या**

**इस बार पाकिस्तान के साथ अगला पिछला सारा हिसाब किताब देश की मोदी सरकार पूरा करेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भैरव अखाड़ा के** प्रमुख महाकाल स्वामी कैलाशपुरी महाराज ने पहलगाम पर हुए आतंकी हमले में हुई 26 निर्दोष लोगों की हत्या को मानवता और इंसानियत की हत्या बताते हुए कहा कि पाकिस्तान के पाप के कर्मों का घड़ा अब छलकने लगा है। इसलिए अब समय आ गया है कि पाकिस्तान के हैवानों के कर्मों का हिसाब किताब पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समूचा विश्व भारत के साथ खड़ा है और देश की जनता मोदी के साथ। ऐसे में भारत के पास पाक अधिकृत कश्मीर वापस हासिल करने का जो अवसर हाथ लगा है, उसे



किसी हाल में नहीं खोना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और आ रहा है। महाकाल स्वामी कैलाशपुरी ने कहा कि अभी नहीं तो फिर कभी नहीं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहिए कि भारत के अभिन्न अंग को भारत के मस्तक के साथ जोडकर 140 करोड़ देशवासियों को गौरवान्वित करें।

उन्होंने कहा कि इस बार पाकिस्तान के साथ अगला पिछला सारा हिसाब किताब देश की मोदी सरकार पूरा करेगी। पाकिस्तान का ऐसा हाल होगा कि पाकिस्तान पूरी तरह से अपाहिज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई के बाद विश्व का कोई भी देश पाकिस्तान की ओर ना तो खड़ा होगा और ना ही रुख करेगा। उन्होंने कहा कि भारत की चेतावनी के बाद अब पाक एटमी हमले की धमकी दे रहा है, मगर पाक के हुक्मरानों के पास एटम बम चलाने की ना तो औकात है और ना ही ताकत। उन्होंने कहा कि भारत से ही छीनी गई धरती पाकिस्तान पिछले कई देशों से भारत के ही खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है। मगर पाक हुक्मरानों और मानवता के दुश्मन मुनीर को यह सोचना चाहिए था कि जिस मोदी को वह चुनौती देने जा रहे हैं, उन्हें इस देश की जनता ने तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाया है। महाकाल स्वामी कैलाशपुरी महाराज ने कहा कि अभी तो भारत ने कुछ शुरू भी नहीं किया, मगर पाकिस्तान के नेता और उनकी सेना इधर-उधर भागती फिर रही है। उन्होंने कहा कि लगता है कि भारत की कार्रवाई से पहले ही पाकिस्तान कंगाल हो जाएगा।

# जीवन में व्यक्तिगत विकास के साथ राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान करती है सेना में सेवाः मेजर जनरल

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । सेना भर्ती क्षेत्र** अंबाला के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल केपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना जीवन में बेजोड़ गुणवता वाला एक महान पेशा है जो व्यक्तिगत विकास के साथ राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान करता है। हरियाणा खासकर मोतीलाल नेहरु स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई, सोनीपत ने भारतीय सेना को कई महान तथा सीनियर ऑफिसर प्रदान किये हैं। शुक्रवार को इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए एमएनएसएस राई में सेना भर्ती क्षेत्र, अम्बाला द्वारा प्रेरणा प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई सेना भर्ती क्षेत्र अंबाला के अतिरिक्त महानिदेशक विशिष्ट सेवा मैडल मेजर जनरल केपी सिंह ने की जो खुद 1978 से 1984 तक एम एन एस एस राई के पूर्व छात्र हैं। सेना भर्ती कार्यालय, शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुश्विंदर कौर ने स्कूल के छात्रों के साथ 12वीं कक्षा



के बाद एक अधिकारी के रूप में पोस्ट ग्रेजुएशन तक और यहाँ तक कि डॉक्टर, इंजिनियर, वकील तथा शिक्षक के रूप में भारतीय सेना में शामिल होने के कई तरीकों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने खास तौर पे युवतियों को भारतीय सेना में अधिकारी बनने के विभिन्न विकल्पों के बारे में भी जानकारी दी। तत्पश्चात मेजर जनरल केपी सिंह, विशिष्ट सेवा मैडल ने एमएनएसएस राई के छात्रों को अपने निजी जीवन के उदाहरणों से प्रेरित किया तथा भारतीय सेना जैसे अमूल्य प्रोफेशन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्कूल में बनाई गई शिक्षा तथा खेल कूद सुविधाओं की सराहना की। एमएनएसएस राई की प्रिंसिपल मोशमी घोषाल ने छात्रों को प्रेरित करने और करियर के ऐसे शानदार विकल्पों के बारे में जानकारी देने के लिए मेजर जनरल केपी सिंह, विशिष्ट सेवा मैडल, कर्नल पुश्विंदर कौर, भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, शिमला तथा कर्नल गौतम चौहान, भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक का आभार जताया।

# नांगल हरनाथ निवासी सुदेश राव ने नेट की परीक्षा की उत्तीर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव नागल हरनाथ** निवासी सुदेश राव ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित सीएसआईआर नेट दिसंबर-2024 में केमिस्ट्री विषय में सहायक प्रोफेसर एवं पीएचडी एडमिशन के लिए योग्यता हासिल कर परचम लहराया। सुदेश राव ने इस विषय में प्रथम प्रयास में ऑल इंडिया में 45 रैंक हासिल की है। खास बात यह है कि सुदेश राव ने यह उपलब्धि सेल्फ स्टडी करते हुए बिना किसी कोचिंग के हासिल की है और अब आईआईटी कानपुर में जूनियर लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। सुदेश राव की माता सुनिता राव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलाना में इंग्लिश लेक्चर के पद पर कार्यरत है। सुदेश राव की इस उपलब्धि पर गांव के सरपंच अजेंद्र सिंह, प्राचार्य ने अपनी भांजी सुदेश राव को बधाई दी तथा सुदेश को जीवन में अपने मुकाम तक पहुंचने के लिए भगवान से प्रार्थना की।

# रिलैक्सो अब ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट पर भी उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने और अपनी डिजिटल उपस्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट, जैसे भारत के प्रमुख क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अपनी उपलब्धता की घोषणा की है। यह कदम रिलैक्सो के उस विजन के अनुरूप है, जिसके तहत वह अपने उत्पादों को देशभर के उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ बनाना चाहता है।

इस मौके पर श्री नितिन दूआ, कार्यकारी उपाध्यक्ष, रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने कहा, हम ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विग्गी इंस्टामार्ट पर अपनी उपस्थिति की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह क्विक-कॉमर्स सेगमेंट में हमारी पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस क्षेत्र में प्रवेश करके, हम उपभोक्ताओं को रिलैक्सो के भरोसेमंद और पसंदीदा उत्पादों तक अधिक सुलभता प्रदान करना चाहते हैं, ताकि उन्हें एक सहज और सुविधाजनक खरीदारी अनुभव मिल सके। अब ग्राहक अपने स्मार्टफोन पर कुछ ही टैप में फ्लाइट की स्टाइलिश चप्पलें, बहामास के ट्रेंडी फ्लिप-फ्लॉप्स और स्पार्क्स के आरामदायक जूते आसानी से मंगा सकते हैं। यह सेवा फिलहाल दिल्ली, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गुजरात समेत कई प्रमुख राज्यों में उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को खरीदारी में अधिक सुविधा और सहजता मिल रही है। यह पहल रिलैक्सो की ओम्नीचैनल रीटेल रणनीति का हिस्सा है, जो ग्राहकों को ब्रांड के फुटवियर तक पहुंच के लिए कई विकल्प प्रदान करती है। रिलैक्सो के प्रमुख ब्रांड्स स्पार्क्स, फ्लाइट और बहामास पहले से ही अमेजन, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा जैसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राई हलके में मनोहर लाल के जन्मदिन पर 5 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगेगा : कृष्णा

**राई। केन्द्रीय मंत्री मनोहर** लाल के 71वे जन्मदिन पर राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में 5 मई को मनोहर रक्तदान शिविर हल्का राई में 5 स्थानों पर आयोजन किया जाएगा। गहलावत ने बताया कि जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मुरथल मंडल अध्यक्ष विकास कौशिक मुरथल में, नाहरी मंडल अध्यक्ष बेदपाल शास्त्री मंडल अध्यक्ष, जखौली मंडल शेखर अंतिल मंडल अध्यक्ष, कुण्डली मंडल इंद्र सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष रक्तदान शिविर की व्यवस्था में जुटे हुए है। विधायक गहलावत ने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान जरूर करे, रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में मदद करता है। गहलावत ने कहा कि हमें केन्द्रीय मंत्री के जन्मदिन को रक्तदान शिविर का आयोजन करके मनाना है।



### विश्व श्रमिक दिवस पर नामांकित को मान्यता दी गई

**गन्नौर. रेनू विद्या** मंदिर के सभागार में विश्व श्रमिक दिवस (लेबर डे) संस्थान की प्रेरणा से गुरू रेनू गुप्ता का जन्मदिवस भी हर्षोलस के साथ मनाया गया। संस्थान के साझीदार एवं संस्थापक नानक चंद गुप्ता ने विशेष रूप से भाग लेते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। संस्थान के कार्यशाला डॉ. राम कुल्हरे ने रेनू गुप्ता के जन्मदिवस पर उनके योगदान और सेवाभाव को याद किया और उनके द्वारा इस पवित्र कार्य की शुरूआत की गई। डॉ. रत्नेश सिंह (सहायक प्रोफेसर) ने विश्व श्रमिक दिवस पर अपने व्याख्यान में कलाकारों के महत्व, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को प्रकाश में डाला। विश्वासपात्र नानक चंद गुप्ता ने भी किया खुलासा।



### संगीता यादव ने नेट जेआरएफ में पाई 10वीं रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शिव कॉलोनी निवासी** संगीता यादव ने नेट जेआरएफ में ऑल इंडिया 10वीं रैंक प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह सफलता फिजिक्स विषय में प्राप्त की है। संगीता के ससुर देशराज यादव हैफेड के डीएम पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। उनके पति राहुल यादव जिम चलाते हैं। बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बुधवार को नेट जेआरएफ का परीक्षा परिणाम घोषित किया था। संगीता यादव अपना परीक्षा परिणाम देकर बहुत खुशी हुई। उसने ऑल इंडिया दसवीं रैंक प्राप्त की संगीता यादव ने बताया कि वह सफलता के प्रति आश्वासन थी। उसके बताया कि पति राहुल यादव एवं ससुराल जनों ने उसको हमेशा सपोर्ट किया। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने पति ससुराल, माता-पिता और गुरुजनों को देती हैं। ससुर देशराज यादव ने बताया की संगीता बहुत मेहनती है। वह घर के कामकाज के साथ पढ़ाई पर पूरा ध्यान देती है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से निगम कर्मचारी की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। माल रोड पर** शुक्रवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक नगर निगम में चपड़ासी था और तीन बच्चों का पिता था। सूचना मिलते ही डायल-112 की ईआरवी 413 टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और आरोपी ड्राइवर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान जटपुरा निवासी 55 वर्षीय बलबीर सिंह के रूप में हुई है। वह करनाल नगर निगम में पिछले करीब 10 से 12 साल से चपरासी के पद पर कार्यरत था। बलबीर कौशल रोजगार योजना के तहत निगम में अपनी सेवाएं दे रहा था। परिजनों ने बताया कि बलबीर रोज की तरह काम से घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ। बलबीर की मौत की खबर से करनाल नगर निगम के कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि सडक पर भारी वाहन चालक लापरवाही से वाहन चला रहे हैं और प्रशासन ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरत रहा।

# मिनी सचिवालय के पुराने भवन का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**निर्देश**

**एसडीएम प्रवेश कादियान ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ भवन व परिसर का दौरा कर दिशा निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** मिनी सचिवालय में सौन्दर्यकरण व व्यवस्थाओं व संबधित कार्यों के लिए आने वाले लोगों की जारूकता को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ भवन व परिसर का दौरा कर दिशा निर्देश दिए। एसडीएम कादियान ने सबसे सचिवालय के नए व पुराने भवन के आगे परिसर में पानी निकासी व्यवस्था को लेकर जनस्वास्थय विभाग के अधिकारियों व निमार्णाधीन तहसीलदार के आवासीय भवन का निरीक्षण कर शीघ्र पूरा करने के लिए सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल



को आदेश दिए और सचिवालय में प्रवेश करते समय बाई तरफ दिवार करने के बाद सौर्न्दयकरण के लिए पौधे लगाने व खाली पड़ी जगह की सफाई कराने के नगरपालिका सचिव को आदेश दिए। इसके बाद पुराने सचिवालय भवन में निरीक्षण के बाद रंग- रोगन कराने व अन्दर सभी कमरों व गैलरी में बिजली आपूर्ति ठीक कर लाईट लगाने व शौचालयों की बेहतर ढंग से साफ सफाई के आदेश दिए। एसडीएम प्रवेश कादियान पीडब्ल्यूडी के एसडीओं को आदेश दिए कि वे जल्दी ही दोबारा से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।

इसके अलावा नए सचिवालय भवन में डाकघर खोलने व एटीएम मशीन लगाने के लिए जगह को चयनित किया।

**लाईसैंस, इंतकाल व संबधित कार्य की फीस के बड़े बैनर लगाने के आदेश**

एसडीएम प्रवेश कादियान निरीक्षण के दौरान तहसील में लाईसैंस, इंतकाल आदि कार्यों के प्रति सख्त नजर आए, एसडीएम ने परिसर में सभी टाईपिस्टों के खोखे पर संबधित काम की फीस के रेट लगाने के आदेश दिए

और कहा कि पिछल्ले दिनों आदेश के बाद भी कूछ कमी मिली है, इसके अलावा सरल केन्द्र में सभी जगहों पर केन्द्र से संबधित कामों की फीस के बैनर लगाने के आदेश दिए कि लोगों को पता लगे कि उनसे नियम अनुसार ही फीस वसुल की जा रही है।

वहीं लोगों से भी अपील की वे लाईसैंस, इंतकाल व सरलकेन्द्र के काम सीधे आकर करवाए, अगर कोई कर्मचारी दिक्कत करता है तो उन्हें अवगत करवाएं, उनका प्रयास है कि फीस से ज्यादा किसी का एक भी रूपया नही लगना चाहिए।

**सचिवालय में सभी इन्ट्री गेट व कामों पर सीसीटीवी की निगरानी रहेगी**

- सचिवालय में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो और निगरानी होती रहे। इसके लिए सचिवालय में सीसीटीवी इन्ट्री गेट पर लगा दिए और जहां रह गए है। उन्हें जल्दी लगाने के आदेश दिए। एसडीएम ने चेताया कि अगर सीसीटीवी में कोई कर्मचारी आम जनता के कामों में ढील करते दिखाई देगा तो कार्रवाई होगी।

# करनाल एसपी गंगाराम पुनिया को पानीपत का अतिरिक्त प्रभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के पुलिस** अधीक्षक गंगाराम पुनिया को अब पानीपत का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। दरअसल पानीपत के एसपी भूपेंद्र सिंह इन दिनों ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद गए हुए हैं। उनकी ट्रेनिंग 14 मई तक चलेगी। उम्मीद है कि 14 मई के बाद वे एक बार फिर पानीपत जिले में एसपी का कार्यभार संभाल सकते हैं। उनके वापस लौटने तक करनाल के एसपी गंगाराम पुनिया को पानीपत जिले की कानून व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी



दी गई है। गौरतलब है कि 21 अप्रैल को हरियाणा सरकार ने राज्यभर में आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए थे। इसी कड़ी में पानीपत एसपी लोकेंद्र सिंह का तबादला कर दिया गया था। उनके स्थान पर भूपेंद्र सिंह को पानीपत का नया एसपी नियुक्त किया गया था। लेकिन अब उनके ट्रेनिंग पर चले जाने के बाद पानीपत पुलिस की कमान एक बार फिर अस्थायी रूप से दूसरे अधिकारी के हाथ में आ गई है। गंगाराम पुनिया पहले से ही करनाल जिले के एसपी के तौर पर तैनात हैं। अब पानीपत का अतिरिक्त कार्यभार मिलने के बाद उनके पास दो जिलों की पुलिस व्यवस्था का जिम्मा है। माना जा रहा है कि वे 14 मई तक दोनों जिलों की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहेंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शुक्रवार की सुबह** छह बजे एक भीषण घटना में गांव बुंदेबाजनगर बेरी निवासी मुकेश कुमार पुत्र जगदीश सिंह के मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में मकान को भारी नुकसान पहुंचा है और घर के सभी बिजली उपकरण खराब हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए। घटना के बाद काफी नुकसान हुआ है। बिजली फिटिंग में भी आग लग गई। वहीं बिजली के उपकरण भी खराब हो गए। मकान की दीवारों व बीम में दरारें आ गई। उन्होंने मकान की मरम्मत के लिए प्रशासन से शिकायत देकर मदद की मांग की हैं।

# बेटे को फोन कर कहा-तुम्हारे पिता का अपहरण हो गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा तरावड़ी** में एक कमीशन एजेंट की कनपटी पर पिस्तौल लगाकर उसका मोबाइल फोन छीनने, मारपीट करने और अपहरण करने का मामला सामने आया है। पीड़ित कमीशन एजेंट सैर करने निकला था। इसी दौरान चार हमलावरों ने उसे घेरकर मारपीट की और उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसके बेटे को फोन करके कहा कि हमने तुम्हारे पिता का अपहरण कर लिया है। इसके बाद हमलावरों ने कमीशन एजेंट के साथ मारपीट की और उसे अधमरी हालत में छोडकर फरार हो गए।



तरावड़ी निवासी पीड़ित नवीन कुमार ने बताया कि वह रोजाना सुबह सैर के लिए जाता है आज सुबह 5 बजे सैर के लिए डोडवा से गांव शामगढ़ वाली सडक पर निकला था। जैसे ही वह रास्ते में स्थित गुरुद्वारे के पास पहुंचा, चार संदिग्ध युवक वहां पहले से ही घात लगाए खड़े थे। उन्होंने अचानक घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। एक युवक ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल रख दी और दूसरे ने गर्दन पर चाकू लगा दिया। आरोपी लगातार यह पूछते रहे कि तेरे पास कितने पैसे हैं, जो भी है सब निकाल दे। हमलावरों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसमें से अकाउंट चेक करने लगे। नवीन ने बताया कि आरोपियों ने उसके ही मोबाइल से उसके बेटे को वॉट्सऐप कॉल की और कहा- मैं जगदीश बोल रहा हूं, तेरे बाप को किडनैप कर लिया है और फिर तुरंत कॉल काट दी।

# संपादकीय

## हिंसा और नफरत की बुनियाद पर बैठा पाकिस्तान

किसी बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। पर पाकिस्तान ऐसा देश है जिसकी पैदाइश ही नफरत और हिंसा के आधार पर हुई है। स्वतंत्रता के बाद जिन्ना ने पाकिस्तान में आतंकवाद का बीज बोया था। पाकिस्तान का यह बड़ा दुर्भाग्य रहा है कि वहां 18 निर्वाचित प्रधानमंत्री में से किसी एक प्रधानमंत्री ने भी अपना पूरा 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। वहां मिलिट्री सत्ता ने ही स्वतंत्रता के बाद पूरे 76 साल अपनी हुकूमत रखी और भारत के साथ नफरत करके लगातार तीन युद्ध हारा,अभी पाकिस्तान में हालात ये हैं कि उसके पास पीने के लिए पानी नहीं खाने के लिए रोटी दाल आटा भी नहीं है पेट्रोल डीजल और बिजली के दाम आसमान छूने लगे हैं पूरा देश कंगाली के दौर पर गुजर रहा है और इसके बाद भी वह आतंकवादियों का पोषक बना हुआ है और लगातार पूरे विश्व में पाकिस्तान के समर्थित आतंकवादी विध्वंस का काम कर रहे हैं। पहलगाम में आतंकवादियों ने 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत सरकार एवं भारत के नागरिकों को उद्वेलित कर दिया अब भारत पाकिस्तान को समूल नष्ट करने की विचारधारा पर आ गया है किसी भी हाल में भारत सरकार और देश के नागरिक पाकिस्तान को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं हैं। वर्तमान में पाकिस्तान के अस्तित्व पर संकट छा गया और उसका भविष्य खतरे में आ गया पाकिस्तान अपने आतंकवादियों के साथ नष्ट होने के कगार पर पहुंच चुका है। पूरा विश्व पाकिस्तान के विरोध में भारत के साथ खड़ा होकर भारत का समर्थन कर रहा है' अब शायद पाकिस्तान और आतंकवाद का बचना लगभग नामुमकिन है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 30,000 लोगों की जान चली गई11और50,000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। आखिर मानवता को क्या हो गया है इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है। लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। वैश्विक शांति में खलबली मच गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत पर एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रबुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी निति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है।

# जाति जनगणना को लागू करना चुनौतीपूर्ण होगा !



-तारकेश्वर मिश्र

> "देश की आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। 1931 में अंतिम जाति जनगणना कराई गई थी। आजादी के बाद 1951 और 61 में जनगणना तो कराई गई, लेकिन अनुसूचित जाति और जनजाति का ही डाटा सार्वजनिक किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का मानना था कि इससे जातीय विभाजन के हालात पैदा हो सकते हैं, नतीजतन राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। नेहरू सरकार ने जो जनगणना अधिनियम बनाया था, उसमें भी जाति जनगणना का उल्लेख नहीं था। उसके बाद प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने जाति के मुद्दे पर पुरजोर विरोध किया। उस दौर में कांग्रेस का राजनीतिक और चुनावी नारा होता था-जात पर न पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर"

**मोदी** सरकार ने अचानक जाति जनगणना की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। यह निर्णय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति में लिया गया। उसे सुपर कैबिनेट करार दिया जाता है, क्योंकि उसकी बैठक कभी-कभार ही होती है। बहरहाल इस बार जब भी जनगणना होगी, तब सरकार घर-घर जाकर जाति भी पूछेगी, लिहाजा जातियों का नया संकलन तैयार होगा। इस मुद्दे को लेकर राजनीति और श्रेय लेने की होड़ भी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान और आतंकवादियों के पहलगाम हमले से ध्यान भटकाने के लिए यह दांव चला है। यह भी कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए यह फैसला हुआ है। लेकिन यह कोई ऐसा छोटा मुद्दा नहीं है, जिसका इस्तेमाल किसी एक राज्य के चुनाव के लिए हो या ध्यान भटकाने के लिए हो। यह बड़ा मसला है और इतना बड़ा यू टर्न है कि भाजपा के सारे नेता हक्के बक्के रह गए। भाजपा कई बड़े नेता फैसले के बाद ट्रोल होने लगे। लोग उनके पुराने वीडियो और बयान खोज कर निकाल कर रहे हैं और उसे केंद्र सरकार के फैसलों के बरक्स रख रहे हैं।

देश की आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। 1931 में अंतिम जाति जनगणना कराई गई थी। आजादी के बाद 1951 और 61 में जनगणना तो कराई गई, लेकिन अनुसूचित जाति और जनजाति का ही डाटा सार्वजनिक किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का मानना था कि इससे जातीय विभाजन के हालात पैदा हो सकते हैं, नतीजतन राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। नेहरू सरकार ने जो जनगणना अधिनियम बनाया था, उसमें भी जाति जनगणना का उल्लेख नहीं था। उसके बाद प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने जाति के मुद्दे पर पुरजोर विरोध किया। उस दौर में कांग्रेस का राजनीतिक और चुनावी नारा होता था-जात पर न पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर। प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तो ओबीसी के खिलाफ दो घंटे से अधिक समय का भाषण दिया था। बहरहाल अब बुनियादी मुद्दा और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का सवाल यह है कि जनगणना कब कराई जाएगी और जाति जनगणना का प्रारूप क्या होगा? दरअसल 1881 में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की पहली बार जनगणना कराई गई थी। उसके हर 10 साल के बाद यह क्रम जारी रहा। 1941 में भी जनगणना में जातीय गणना भी की गई, लेकिन उसका डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए-2 सरकार के दौरान 2011 में जनगणना का एक हिस्सा ही पूरा किया गया। करीब 25 करोड़ शहरी और ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना का सर्वे किया गया। 2012 के अंत तक डाटा मिला। 2013 तक प्रोसेसिंग नहीं हो पाई। 2014 में मोदी सरकार बनी। ग्रामीण भारत का डाटा तो जारी किया गया, लेकिन जाति को फिर छिपा कर रखा गया। अंततः 2018 में सरकार ने कहा कि डाटा में गलतियां हैं। फिर सर्वोच्च अदालत में भी यही बात कही। क्रम से 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी के कारण जनगणना टाल दी गई। उसके बाद भी चार साल निकल गए, लेकिन जनगणना की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की गई। अब सवाल है कि स्थापित क्रम के मद्देनजर क्या जनगणना 2031 में कराई जाएगी? जाहिर है कि जाति जनगणना भी तभी होगी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 2029 तक है। सरकार को महिला आरक्षण कानून भी लागू करना है। परिसीमन का काम भी पूरा होना है। इस साल के अंत में बिहार में चुनाव हैं। 2026 में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम सरीखे महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव हैं। 2027 में देश के सबसे बड़े राज्य उप्र में चुनाव हैं। जाति जनगणना इन चुनावों के दौरान पूरी नहीं हो सकती। बेशक भाजपा-एनडीए इस घोषणा से ही राजनीतिक लाभ उठा सकते हैं। विपक्षी पार्टियों में होड़ मची है। सब श्रेय लेने में लगे हैं। विपक्ष का दावा है कि उनके दबाव में केंद्र सरकार ने जाति गणना का फैसला किया है। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इसका श्रेय लिया। उन्होंने केंद्र सरकार से रोडमैप बताने और जाति गणना कराने की समय सीमा तय करने की मांग की। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि जाति गणना के आगे आरक्षण बढ़ाने का फैसला होगा। राहुल गांधी ने कहा कि 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को समाप्त किया जाएगा और आबादी के अनुपात में जातियों को आरक्षण मिलेगा। उन्होंने तेलंगाना मॉडल का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार को इसके हिसाब से जाति गणना करानी चाहिए। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके श्रेय लिया तो बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटाखे फोड़े। तेजस्वी यादव ने पटना में अपनी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के साथ जश्न मनाया और कहा कि बिहार ने सबसे पहले जाति गणना कराई और उसके नतीजे जारी किए। गौरतलब है कि जिस समय नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की पार्टियों का गठबंधन था उसी समय जाति गणना हुई थी। हालांकि राहुल गांधी इस जाति गणना को खारिज करते हैं और बार बार कहते हैं कि तेलंगाना मॉडल पर गिनती होनी चाहिए। बिहार में भी वे कह चुके हैं कि सरकार बनेगी तो नए सिरे से जाति गणना कराएंगे। लेकिन तेजस्वी यादव ने इसका श्रेय लिया क्योंकि जाति गणना के समय वे राज्य के उप मुख्यमंत्री थे।

तीसरी पार्टी जो श्रेय ले रही है वह नीतीश कुमार की जनता दल यू है। जनता दल यू के नेताओं का कहना है कि बिहार चुनाव और नीतीश कुमार के दबाव की वजह से सरकार ने पूरे देश में जाति गणना कराने का फैसला किया है। कहा जा रहा है कि जनता दल यू के नेताओं ने भाजपा को समझाया कि बिहार जीतने के लिए जाति गणना की घोषणा जरूरी है और बिहार जीतना इसलिए जरूरी है ताकि अगले साल असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा अच्छा प्रदर्शन करे। वैसे भी नीतीश कुमार के रहते ही बिहार में जाति गणना हुई और आरक्षण बढ़ाने का फैसला हुआ। इसलिए उनकी पार्टी श्रेय ले रही है। कांग्रेस, सपा, राजद और जनता दल यू के अलावा समाजवादी पार्टी जैसी कुछ पार्टियां भी हैं, जो इसका श्रेय ले रही हैं। लोकसभा चुनाव, 2024 के दौरान कांग्रेस, सपा, द्रमुक, राजद आदि दलों ने जाति जनगणना के मुद्दे को खूब उछाला। नारा दिया गया-जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। इसी के आधार पर सवाल किया जा सकता है कि यदि देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों आदि वर्गों की जनसंख्या करीब 90 फीसदी है, तो क्या आरक्षण उतना बढ़ाया जा सकता है? राहुल गांधी ने लगातार 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को तोड़े' की बात कही है। यह अधिकतम सीमा सर्वोच्च अदालत ने तय कर रखी है। यदि संख्या के अनुपात में आरक्षण और व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता, तो जाति जनगणना के फायदे क्या होंगे? हां, शिक्षा और रोजगार में आरक्षण फिर से तय किया जा सकेगा। उसे भी संसद में पारित किया जाएगा। राजनीतिक दलों को सामाजिक गठबंधनों, नेतृत्व, उम्मीदवार चयन की रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा। फिलवक्त तो यह चुनावी मुद्दा ज्यादा लगता है। जाति जनगणना को लागू करने में चुनौतियां बहुत हैं।

-उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतन्त्र पत्रकार।




# कविता

जमाने को ये क्या हो गया है।

खून से महंगा पानी हो गया है,
जमाने को ये क्या हो गया है।

रोटी आटा पहुंच से बाहर हो गया है,
हर एक निवाले का हिसाब हो गया है।

खून की कीमत क्या पूछते हो भाई,
हर सांस का भी हिसाब हो गया है।

अस्पताल अब प्रयोगशाला बन गए हैं
आदमी का एटीएम सा हाल हो गया है।

आदमी अब कहाँ रह गया है इंसान
शरीर कमाई का औजार हो गया है।

कीमत नहीं किसी जिंदगी की संजीव
हर अंग का अलग हिसाब हो गया है।

संजीव

## देश में जाति जनगणना: प्रतिनिधित्व या पुनरुत्थान?

**प्रियंका सौरभ**

भारत को जातियों में बाँटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहचानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग जोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है – क्या यह सामाजिक न्याय का औजार है या समाज को और अधिक खांचों में बाँटने की कवायद? भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आजादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया – जातिविहीन समाज। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की गिनती होती रही, बाकी जातियाँ अदृश्य रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों?

क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो? बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनीतिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकता है। जाति जनगणना के समर्थन में कई मजबूत तर्क दिए जा रहे हैं। अगर हम यह नहीं जानते कि कौन-सी जातियाँ किस आर्थिक व सामाजिक स्थिति में हैं, तो योजनाएं महज अंदाज़ों पर चलती रहेंगी। आरक्षण का पुनर्मूल्यांकन करना हो या सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य तय करना हो, सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनसंख्या कई राज्यों में 40-50% तक मानी जाती है, जबकि उन्हें 27% आरक्षण मिलता है। यदि सही आंकड़े हों तो नीति ज्यादा न्यायसंगत हो सकती है। विरोध करने वालों की मुख्य दलील यह है कि जाति जनगणना समाज में जातीय पहचान को और मजबूत करेगी।

इससे सामाजिक एकता को खतरा होगा और राजनीतिक दल केवल जाति कार्ड खेलकर वोट बटोरने लगेंगे। कुछ वर्गों को डर है कि अगर सही आंकड़े सामने आ गए, तो उनका निहित अधिकार छिन सकता है – जैसे सवर्ण वर्गों को लगता है कि ओबीसी या दलितों की संख्या के अनुपात में अगर आरक्षण बढ़ा, तो उनके लिए मौके और कम हो जाएंगे।

# विचार

## सामाजिक समरसता के संवाहक संत रामानुजाचार्य

**सुशील कुमार नवीन**

**सामाजिक** समरसता के संवाहक संत रामानुजाचार्य की शुक्रवार को जयंती मनाई गई। वे एक महान हिन्दू दार्शनिक तथा विचारक के साथ-साथ श्री वैष्णववाद के दर्शन में सर्वाधिक प्रतिष्ठित आचार्य रहे हैं। उनका जन्म 11वीं शताब्दी में 1017 ई.पू में तमिलनाडु के श्रीपेरुमबुदुर में हुआ था। उनके बचपन का नाम लक्ष्मण था। उन्हें इलैया पेरुमल के नाम से भी जाना जाता है जिसका अर्थ है उज्ज्वल। रामानुज नाम उन्हें उनके मामा ने दिया था। 1137 ई. में तमिलनाडु के श्रीरंगम में 120 वर्ष की आयु में अन्तर्धान हो गये थे। प्रत्येक वर्ष श्री रामानुज जयन्ती मनाई जाती है। जयन्ती का निर्धारण तमिल सौर कैलेण्डर के आधार पर किया जाता है। रामानुज जयन्ती चिथिरई माह के समय तिरुवथिराई नक्षत्र के दिन मनायी जाती है। जिसके तहत इस बार 2 मई को उनकी जयंती मनाई गई। उनका जन्म वैशाख शुक्ल षष्ठी,1017) को हुआ था। पिता का नाम केशवाचार्य और माता जी का नाम कान्तिमती था। बचपन से ही उनकी बुद्धि विलक्षण थी। 15 वर्ष की अवस्था में ही उन्होंने सभी शास्त्रों का गहन अध्ययन कर लिया था। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह रक्षम्बा के साथ हुआ। सात वर्ष गृहस्थ आश्रम का निर्वहन कर 23 वर्ष की आयु में घर त्यागकर श्रीरंगम के यदिराज संन्यासी से दीक्षा ली। संत रामानुजाचार्य एक प्रमुख भारतीय धार्मिक विचारक और वैष्णव आचार्य थे। उन्होंने विशिष्टाद्वैत वेदांत के सिद्धांतों को प्रस्थापित किया और अपने ग्रंथों और उपनिषदों के व्याख्यानों के माध्यम से जनमानस को इस धार्मिक दर्शन के सिद्धांतों से परिचित कराया। संत रामानुजाचार्य विशिष्टाद्वैत वेदांत के प्रमुख प्रतिष्ठाता थे, उनका मानना था कि जीवात्मा और परमात्मा में अंतर नहीं होता, बल्कि वे एक-समान होते हैं। उनका धार्मिक दृष्टिकोण भक्ति और प्रेम पर केंद्रित था, और उन्होंने विष्णु भगवान के प्रति भक्ति को महत्व दिया। उन्होंने वेदांत दर्शन को जन सामान्य तक सरल रूप में समझाने का प्रयास किया। संत रामानुजाचार्य ने वेदांत के सिद्धांतों को लोकप्रिय बनाने के लिए अनेक ग्रंथों की रचना की। उनकी प्रमुख रचनाएं श्रीभाष्य, गीता भाष्य, वेदार्थसंग्रह, गद्यत्रय आदि हैं। उनके द्वारा रचित ग्रंथों में भक्ति, सेवा, और समाज सेवा के महत्व को बड़ा बल दिया गया है। उनके विचार और सिद्धांत आज भी लोगों के हृदय में बसे हुए हैं और उन्हें एक महान आध्यात्मिक आचार्य के रूप में याद किया जाता है। वे वैष्णव मत के प्रसिद्ध संत भक्त माने जाते हैं। उन्होंने हिन्दू समाज के पिछड़े वर्ग की पीड़ा और उपेक्षा को हृदय से अनुभव किया। उस समय की प्रचलित सामाजिक एवं धार्मिक अनुष्ठान पद्धतियों में यथा संभव सुधार तथा नई अनुष्ठान पद्धतियों की रचना भी की। सभी जात-वर्गों के लिए सर्वोच्च आध्यात्मिक उपासना के द्वार, लोगों की आलोचना के बावजूद उन्होंने खोल दिए। इस कार्य के लिए उनको स्थान-स्थान पर भारी विरोध का सामना करना पड़ा। वे सामाजिक दृष्टि से वर्णव्यवस्था के अन्दर किसी भी प्रकार के भेदभाव को स्वीकार नहीं करते थे। उनके अनेक शिष्य निम्न कही जाने वाली जातियों से थे। भगवान की रथयात्रा के अवसर पर तथाकथित निम्न जातियों वाले ही रथ पहले खींचते थे। वही परम्परा आज भी चली आ रही है। उन्होंने वैष्णव धर्म के प्रचार के लिए पूरे देश का भ्रमण किया। उनका कथन था कि मन की कलुषता को समाप्त करो। न जातिः कारणं लोके गुणाः कल्याणहेतवः - अर्थात जाति नहीं, वरन गुण ही कल्याण का कारण है। संत रामानुजाचार्य के अनुसार, समरसता का अभिप्राय सभी व्यक्तियों के बीच धार्मिक और सामाजिक समानता को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने समाज में जाति, धर्म, और समुदाय के आधार पर भेदभाव को खत्म करने का प्रयास किया। उनका मानना था कि भगवान की अनंत कृपा और प्रेम हर जीव को समरस बनाती है। वह सभी को समानता के साथ देखते थे और हर एक को आत्मिक स्वतंत्रता का अधिकार माना।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
**ई-मेल : actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## पूर्व सीजेआई चन्द्रचूड़ के गले की फांस बना तीस्ता को जमानत देना

**संजय सक्सेना**

**भारत** के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और विवादास्पद निर्णय सामने आए, जिन्होंने भारतीय न्यायपालिका और समाज पर गहरा प्रभाव डाला। उनके कुछ निर्णयों और दृष्टिकोणों ने सार्वजनिक बहस को जन्म दिया है, 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित मामलों में साक्ष्य गढ़ने और गवाहों को प्रभावित करने के आरोप में जेल में बंद तीस्ता सीतलवाड़ को जमानत देना पूर्व न्यायाधीश के लिये गले की फांस बनता नजर आ रहा है,क्योंकि यह मामला राष्ट्रपति के पास एक शिकायत के रूप में पहुंच चुका है,जिसकी जांच का आदेश भी राष्ट्रपति ने कानून मंत्रालय को दे दिया है। तीस्ता सीतलवाड़ पर 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित मामलों में साक्ष्य गढ़ने और गवाहों को प्रभावित करने के आरोप हैं। गुजरात हाईकोर्ट ने 1 जुलाई 2023 को उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उसी दिन रात में एक विशेष सुनवाई में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए उन्हें अंतरिम राहत दी। इतना ही नहीं तीस्ता को जमानत मामले की सुनवाई के लिये पहले दो जजों की बेंच बनाई गई,लेकिन इसमें से जब एक जज ने सवाल खड़ा किया कि इतनी जल्दी क्या है जमानत देने की तो मामला फंसता देख तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने तीन चर्चों की बेंच बना दी जिसने तीस्ता को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट की तीन-न्यायाधीशों की पीठ, जिसमें जस्टिस बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना और दीपांकर दत्ता शामिल थे, ने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश को पूर्णतः विकृत और विरोधाभासी करार दिया। पीठ ने यह भी कहा कि सीतलवाड़ की हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अधिकांश साक्ष्य दस्तावेजी हैं और पहले ही जांच एजेंसी के पास हैं। एक पूर्व न्यायाधीश ने राष्ट्रपति को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय न्यायिक प्रक्रिया के मानकों के खिलाफ है और इससे न्यायपालिका की साख पर प्रश्नचिह्न लगता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने व्यक्तिगत रूप से इस मामले में हस्तक्षेप किया।

## नीट यूजी की शुचिता रह पाएगी बरकरार?

**मनीष कुमार**

**बारहवीं** के बाद यदि विज्ञान (मेडिकल) संकाय के किसी विद्यार्थी से पूछ लिया जाए कि आगे क्या करना है तो लगभग हर तीसरे बच्चे की जुबान पर नीट शब्द होता है। "नीट पास करेंगे डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करेंगे"। प्रति वर्ष लगभग 24 लाख बच्चे आंखों में डॉक्टर बनने का अरमान लिए नीट यूजी की परीक्षा देते हैं। किंतु कुछ वर्षों से नीट यूजी परीक्षा सवालों के घेरे में है। हाल ही में हुआ नीट यूजी 2024 पेपर लीक घोटाला जगजाहिर है। वर्ष 2024 में हुई नीट यूजी पर सुप्रीम कोर्ट में सिद्ध हुए आरोप किसी से भी छिपे नहीं हैं, कथित घोटाले में पेपर लीक माफिया द्वारा प्रश्न पत्र परीक्षा से पूर्व ही लीक करवाकर छात्रों/अभिवावकों को ऊँचे दामों में बेचा और सॉल्वर लगाकर शार्टकट के इच्छुक विद्यार्थियों को रटवाया था। पेपर लीक माफिया की बात तो एक मिनट के लिए हजम भी होती है किंतु 2024 की परीक्षा में एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) के कारनामे भी बिल्कुल हैरान करने वाले थे पहले लोकसभा चुनाव के निष्कर्षों के साथ ही नीट का रिजल्ट घोषित करना फिर छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स की बात छिपाना, हजार यत्न करने के बाद भी अपनी गलती स्वीकार न करना आदि। इससे एनटीए की पारदर्शिता पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा है। पिछले वर्ष एनटीए द्वारा करवाई जाने वाली बाकी परीक्षाओं जैसे यूजीसी नेट, सीएसआईआर नेट, आईटीईपी आदि में भी अनियमितताएं सामने आई थी। नीट यूजी 2024 पेपर लीक घोटाले का कथित सरगना संजीव मुखिया, 11 महीनों में सैकड़ों यत्न करने के बाद स्पेशल टास्क फोर्स की गिरफ्त में है। आरोपी नालन्दा (बिहार) का रहने वाला है और एक कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत है। संजीव का बेटा शिवकुमार पहले से ही पेपर लीक मामले में जेल में बंद है। संजीव सिर्फ नीट ही नहीं, बीपीएससी आदि परीक्षाओं में भी सेंध लगा चुका है। हर पेपर लीक में हाइलाइट्? होने वाले टेलीग्राम के कुछ ग्रुप नीट यूजी 2025 पेपर लीक होने का दावा पेश करते नजर आ रहे हैं जोकि अंग्रेजी में "नीट पेपर लीक" सर्च करके आसानी से देखे जा सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अप्रैल 2025 में बेचे 4,80,896 यूनिट्स

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अप्रैल 2025 के लिए अपने बिक्री आँकड़े जारी किए। अप्रैल महीने में कंपनी की कुल बिक्री 4,80,896 यूनिट्स रही, जिसमें 4,22,931 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 57,965 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

**अप्रैल 2025 की HMSI की प्रमुख उपलब्धियाँ:**
उत्पाद: होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपने लोकप्रिय Dio 125 स्कूटर के OBD2B मानकों के अनुकूल नए संस्करण को उन्नत फीचर्स के साथ लॉन्च किया। साथ ही, कंपनी ने अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और मजबूत किया है, जिसमें 2025 CB350, CB350 और CB350RS को नए रंगों के साथ बाजार में उतारा गया है। वैश्विक मानकों के अनुरूप रुटरक ने CB300R मोटरसाइकिल के 2018 से 2020 के बीच बने कुछ यूनिट्स के लिए स्वैच्छिक रिकॉल की घोषणा भी की।

### जेके टायर ने ग्रामीण भारत में अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया

**फर्रुखनगर।** टायर उद्योग की अग्रणी कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी वितरण रणनीति को नया रूप देते हुए हरियाणा के फर्रुखनगर में जेके टायर स्टील व्हील्स की शुरूआत की है। यह पहल कंपनी के ग्रामीण भारत में विस्तार की योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एक लाख या उससे कम आबादी वाले कस्बों को लक्ष्य बनाना है। कंपनी अगले तीन महीनों में हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना में इस ग्रामीण विस्तार कार्यक्रम की शुरूआत करेगी। इस पहल को वर्ष के अंत तक पूरे देश में विस्तारित किया जाएगा। यह केंद्र टायर से जुड़ी सभी आवश्यकताओं के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में तैयार किया गया है, जहां जेके टायर के सभी प्रकार के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। ग्राहक यहां बेहतरीन कीमतों, उद्योग में अग्रणी वारंटी और मूल्यवर्धित सेवाओं जैसे टायर बदलवाना और व्हील बैलेंसिंग जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। नए केंद्र के उद्घाटन पर जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनिजिंग डाइरेक्टर श्री अंशुमान सिंघानिया ने कहा, "हमारा ग्रामीण विस्तार कार्यक्रम हमें उस 'वास्तविक भारत' के भीतर तक पहुंचने में मदद करेगा जो आर्थिक रूप से सक्षम है, लेकिन अब तक उपेक्षित रहा है। हम केवल रिटेल स्टोर नहीं बना रहे, बल्कि उद्यमिता और पहुँच को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

### नारायण सेवा संस्थान का नारायण लिंब फिटमेंट कैम्प 4 मई को

**नई दिल्ली ।** देश-विदेश में दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिल्ली के दिव्यांगों के सेवार्थ रविवार 4 मई को निःशुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलीपर्स फिटमेंट शिविर दिल्ली में आयोजित होगा। यह शिविर गोल्डन फ्राउन, जापानीज पार्क, रोहिणी पर 4 मई को प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक चलेगा है। जिसमें पूर्व चयनित दिव्यांगों को निःशुल्क लाभ मिलेगा।
संस्थान के ट्रस्टी निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने जानकारी देते हुए कहा संस्थान विभिन्न राज्यों के दिव्यांग बन्धुओं को उनके घर शहर के नजदीक लाभान्वित करने के लिए विगत 40 वर्षों से प्रयासरत है। इसी शृंखला में नारायण सेवा ने 16 फरवरी को निःशुल्क नारायण लिंब मेजरमेंट कैंप का आयोजन यहां किया था। जिसमें 500 से अधिक रोगी आए थे। इनमें से 351 जन ऐसे थे जो सड़क दुर्घटना या किसी हादसे से हाथ-पैर खोकर दिव्यांगता का शिकार हो गए थे। उनका चयन करते हुए संस्थान ने नारायण लिम्ब के लिए कास्टिंग व मेजरमेंट लिया था। उन्होंने कहा दिल्ली में संस्थान एक साथ 350 से ज्यादा दिव्यांगों को जर्मन टेक्नोलॉजी के नारायण लिम्ब पहनाकर उन्हें नई जिंदगी का उपहार देगा। यह सभी दिव्यांगताभरी जिंदगी के चलते अपने परिवार और परिजनों पर बोझ बन गए थे। संस्थान उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में ला रहा है। जिसका सपना संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव और अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने देखा है। वार्ता के दौरान ट्रस्टी -निदेशक चौबीसा, सरंक्षक सत्यभूषण जैन, शाखा -जतन सिंह ने इस शिविर का पोस्टर भी जारी किया।

# काम्यकेश्वर तीर्थ पर कल लगेगा शुक्ला सप्तमी मेला

## काम्यकेश्वर तीर्थ पर शुक्ल सप्तमी पर स्नान करने से होती है मोक्ष की प्राप्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: श्री जयराम संस्थाओं** के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से तीर्थों की संगमस्थली एवं धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के गांव कमोदा में स्थित श्री काम्यकेश्वर महादेव मंदिर एवं तीर्थ पर रविवारीय शुक्ला सप्तमी मेला 4 मई को लगेगा। रविवारीय शुक्ला सप्तमी मेले के लिए श्री जयराम विद्यापीठ के सेवकों द्वारा दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने श्री काम्यकेश्वर तीर्थ की महत्ता के बारे में बताया कि ऐसी मान्यता है कि प्राचीन तीर्थ में शुक्ला सप्तमी के शुभ अवसर पर स्नान करने से मोक्ष प्राप्त होती है। ग्रामीणों एवं सेवकों द्वारा मेले



की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा तीर्थ में स्वच्छ जल भरा गया है। महर्षि पुलस्त्य जी और महर्षि लोमहर्षण जी ने वामन पुराण में काम्यक वन तीर्थ की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए बताया कि इस तीर्थ की उत्पत्ति महाभारत काल से पूर्व की है। एक बार नैमिषारण्य के निवासी बहुत ज्यादा संख्या में कुरुक्षेत्र की भूमि के अंतर्गत सरस्वती नदी में स्नान करने के लिए काम्यक वन में आए थे। वे सरस्वती में स्नान न कर सके। उन्होंने यज्ञोपवितिक नामक तीर्थ की कल्पना की और स्नान किया। फिर भी शेष लोग उस में प्रवेश ना पा सके। तब से मां सरस्वती ने उनकी इच्छा पूर्ण करने के लिए साक्षात कुंज रूप में प्रकट होकर दर्शन दिए और पश्चिम-वाहिनी होकर बहने लगी। इससे स्पष्ट होता है कि काम्यकेश्वर तीर्थ एवं मंदिर की उत्पत्ति महाभारत काल से पूर्व की है।
वामन पुराण के अध्याय 2 के 34 वें श्लोक के काम्यक वन तीर्थ प्रसंग में स्पष्ट लिखा है कि रविवार को सूर्य भगवान पूषा नाम से साक्षात रूप से विद्यमान रहते हैं। इसलिए वनवास के समय पांडवों ने इस धरा को तपस्या के लिए अपनी शरणस्थली बनाया। द्यूत-क्रीड़ा में कौरवों से हारकर अपने कुल पुरोहित के साथ 10 हजार ब्राह्मणों के साथ यहीं रहते थे। श्री जयराम विद्यापीठ के रोहित कौशिक एवं सेवक सुमिंद्र शास्त्री ने बताया कि मंदिर में 4 मई को रविवारीय शुक्ला सप्तमी मेला लगेगा।

## डी.आर. बने श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन के हरियाणा प्रदेश प्रभारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: आज कुरुक्षेत्र में** भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फडरेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें डी.आर. भटनागर को भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फडरेशन हरियाणा का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसका कार्यकाल एक वर्ष होगा । प्रदेश प्रभारी का पद अवैतनिक होगा। भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने डी.आर.भटनागर को अपने कर कमलों से प्रदेश प्रभारी का नियुक्ति पत्र सौंपा है। भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन द्वारा अपेक्षा की गई है कि श्री डी .आर. भटनागर फेडरेशन के नियमानुसार निष्ठा पूर्वक एवं समर्पण भाव से कार्य करेंगे। डी.आर. भटनागर ने हरियाणा प्रभारी नियुक्त करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए फेडरेशन को विश्वास दिलाया कि वह भगवान श्री चित्रगुप्त वेलफेयर फेडरेशन को विकसित करने के लिए पूरे समर्पणभाव के साथ कार्य करेंगे।

## अवैध देसी पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सीआइए टू** की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर साधू चौक गांव सदरपुर में नाकाबंदी के दौरान आरोपी गोल्डी पुत्र बलबीर गांव अराईपुरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 12 बोर की एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना घरौंडा में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी यह हथियार गांव बडौली उत्तर प्रदेश से एक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। आज आरोपी को अदालत में पेश किया गया। इस मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# युवकों ने पंजाबी सिंगर पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। निसिंग कस्बे में एक** सिंगर युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमला उस वक्त हुआ जब युवक रोजाना की तरह दूध लेने के लिए घर से निकला था। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे 8 से 10 युवकों ने उसका पीछा किया और फिर सुनसान जगह पर पकडकर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। हमलावरों ने लोहे के बोर्ड से उसके सिर पर वार किया, जिससे सिर फट गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों के पास देसी कट्टा भी था और उन्होंने धमकी दी कि अब गाकर दिखा, तुझे बहुत शौक है गाने गाने का। पीड़ित ने मामले की



शिकायत निसिंग पुलिस को की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीडित युवक की पहचान अजय उर्फ सूखा के रूप में हुई है। वह पंजाबी सिंगर है और एक चैनल पर हर मंगलवार को परफॉर्म करता है। अजय का कहना है कि उसकी किसी से कोई निजी रंजिश नहीं है, लेकिन फिर भी कुछ युवकों ने उसकी रेकी की और अकेला पाकर उस पर हमला कर दिया। उसने बताया कि पहले भी दो से तीन बार उस पर हमला हो चुका है, लेकिन इस बार हमलावरों ने जान से मारने की मंशा से हमला किया। अजय ने बताया कि हमलावरों की संख्या करीब 8 से 10 थी। उनके हाथों में लाठी-डंडे, लोहे के रॉड और देसी कट्टा था। उन्होंने उसे पकडकर लोहे के बोर्ड से सिर पर वार किया, जिससे सिर फट गया। अजय किसी तरह हमलावरों से बचकर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उन्होंने पीछा करके उसे पकड़ लिया और सुनसान जगह ले जाकर मारपीट की। पीड़ित की मां का कहना है कि उनका बेटा मेहनत से गायक बना है और लगातार तरक्की कर रहा है। लेकिन कुछ लोग उसकी तरक्की से जलते हैं और उसे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अजय का काम सिर्फ गाने गाने का है, किसी से दुश्मनी नहीं है।

## पाक को चिट्ठी नहीं, कार्रवाई की जरूरत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पहलगाम आतंकी** हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के करनाल स्थित घर पहुंचे बीकेयू के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह ने परिवार को ढांढस बंधाया। युद्धवीर ने केंद्र सरकार की कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए कहा कि पाकिस्तान को अब ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा। उन्होंने भारत द्वारा पाकिस्तान को लिखी चिट्ठी को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज हमारे बच्चे फौज में हैं, शहादत दे रहे हैं, लेकिन सरकार सिर्फ भाषणबाजी कर रही है। अब इंतजार नहीं, एक्शन होना चाहिए। युद्धवीर सिंह ने कहा कि हमारा बच्चा शहीद हुआ है, पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब आतंकवाद में ज्यादा लोग मारे जा रहे हैं, जितने 1965 और 1971 की लड़ाइयों में नहीं मरे थे। युद्धवीर सिंह ने सवाल के जवाब में कहा कि सरकार ने अभी तक कोई कोई कदम उठाए नहीं, अगर कोई कदम उठाएगी तो कहेंगे। मैने चिट्ठी पड़ी है, जो भारत ने पाकिस्तान को लिखी है, उस चिट्ठी में कुछ नहीं है, उसमें पहलगाम पर फोकस नहीं है। उस चिट्ठी में स्पष्ट लिखा है कि उसमें कुछ त्रुटियां है। सरकम चांसेज बदल गए है, उसको रिव्यू करने की आवश्यकता है।

# परिजनों ने अस्पताल के डाक्टरों पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के एक प्राइवेट** अस्पताल में अपेंडिक्स का ऑपरेशन करवाने आई 29 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पति ने बताया कि ऑपरेशन के बाद उसकी पत्नी का यूरिन बंद हो गया, फिर बिना जानकारी डायलिसिस शुरू कर दिए गए। महिला ने मरने से पहले वीडियो बनाकर डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाए। आरोप है कि मुंह और हाथ बांध दिए गए,



ताकि वह कुछ बोल न सके। मौत के बाद पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन पहले अस्पताल का पक्ष लिया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और जांच में जुट गई है। मृतक महिला सोनम के पति गोल्डी शर्मा ने बताया कि सोनम दो बच्चों की मां थी, जिनमें से एक बच्चा सिर्फ चार महीने का है और दूसरा चार साल का। सोनम को अपेंडिक्स की तकलीफ थी, जिसका इलाज चल रहा था। 26 अप्रैल को उसका ऑपरेशन करवाया गया। ऑपरेशन महाबीर दल अस्पताल में हुआ। पति का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद करीब डेढ़ दिन तक यूरिन आया, लेकिन उसके बाद पूरी तरह से बंद हो गया। जब उनके हाथ से केस बिगड़ा तो उसकी पत्नी को श्रीरामचंद्र मेमोरियल अस्पताल में रेफर कर दिया। गोल्डी ने बताया कि सोनम ने मरने से पहले उससे कहा था कि उसे यहां से ले जाओ, ये लोग सिर्फ पैसों की बात कर रहे हैं और मार देंगे। जब डॉक्टरों को यह बात पता चली कि मरीज ने अपने पति से सब कुछ कह दिया है तो उन्होंने सोनम के मुंह में छोटा सा पाइप लगाकर उसे बांध दिया और हाथ भी बांध दिए ताकि वह इशारा भी न कर सके। पति का आरोप है कि अस्पताल ने हर चीज के पैसे वसूले, हर जगह दस्तखत करवाए और जब पैसा देना बंद कर दिया तो किसी इंजेक्शन से उसकी पत्नी की जान ले ली गई। मौत की सूचना भी समय पर नहीं दी गई।

# पुलिस ड्यूटी के साथ-साथ खेल में भी सक्रिय भागीदारी: नीतीश अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: पुलिस की दैनिक** ड्यूटी के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने वाले पुलिस विभाग का नाम रोशन करते हैं पुलिस कर्मचारी। एक ओर जहां पुलिस कर्मचारी और अनुसंधान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई है, वहीं कई पुलिस कर्मचारी ऐसे भी हैं जो अपने दैनिक कार्य और ड्यूटी के साथ-साथ अतिरिक्त व्यवस्था में भाग लेकर पुलिस का नाम रोशन करते हैं। जिला पुलिस के कर्मचारी पेंटर अमित कुमार ने मास्टर्स नैशनल गेम गेम्स-2025 धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ये बात पुलिस कप्तान नीतीश अग्रवाल ने मास्टर्स नेल गेम से मैडल लेकर क्षुधा पुलिस के स्टाफ पेंटर अमित कुमार को सम्मानित करते हुए कही। मित्र हैं कि कुरुक्षेत्र पुलिस के कर्मचारी अमित कुमार ने मास्टर्स नैशनल गेम गेम्स-2025 हिमाचल प्रदेश में हरियाणा की एथलेटिक्स टीम का हिस्सा रहे हैं। हरियाणा की एथलेटिक्स टीम ने 400 मीटर हार्डल रेस में गोल्डन मेडल, 4x400 रीले रेस में सिल्वर मेडल, 4x100 रीले रेस में ब्रॉन्ज मेडल नेमलाइक में हरियाणा का नाम रोशन किया गया। हरियाणा की इस टीम का हिस्सा रहे स्टाफ अमित कुमार ने कुरुक्षेत्र पुलिस का नाम रोशन किया है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री नीतीश अग्रवाल ने अमित कुमार को बधाई दी और भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों में उत्साहवर्धन के लिए भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने अमित कुमार को प्रशस्ति पत्र पदनाम दिया।

## आंधी से गिरा पेड़, दुकानों के शेड टूटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल और घरौंडा** में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश से महात्मा गांधी चौक के पास कमेटी की पांच दुकानों के आगे लगे शेड गिर गए। हादसा रात को हुआ, जब दुकानें बंद थीं। वहीं घरौंडा के पनौड़ी रोड पर एक बड़ा पेड़ गिरने से पूरी सडक ब्लॉक हो गई है। अब वहां से केवल दुपहिया वाहन ही निकल पा रहे हैं। इस रोड पर कई राइस मिले स्थित है, जिन तक ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक के जरिए अनाज पहुंचाया जाता है। फिलहाल भारी वाहनों के लिए रास्ता पूरी तरह बंद है।

# क्रिस्टोफर का सामान चोरी करने वाले 2 बच्चो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**क्रिस्टोफर: जिला पुलिस** ने क्रिस्टोफर स्कोडा पर आधारित क्रिस्टोफर और क्रिस्टोफर का सामान चोरी करने के 2 बच्चों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अटल अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में क्राइम वॉल्यूम ब्रांच-2 की टीम ने आमिर वासी मायापुर रूपपुर जिला सहारापुर यूपी और अरफात वासी चकरोता आयरनरान जिला स्टेट यूपी को गिरफ्तार किया है। पिछले से 4 किलो की कीमत के करीब 4 क्विंटल तार तम्बा और लोहा, चोरी करने के उपकरण और पुराने में उपयोग मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता की प्राप्ति है।




जानकारी देते हुए अप्रैल पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 25 की रात को नामपता नामालूम बिजली विभाग के लाडवा कार्यालय से बिजली विभाग के गांव चिलोंदी वासी किसान खेत से 16 केवी दुकानदारों का सामान चोरी कर लिया गया था। जिस बारे में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं के लिए खरीदे गए सामान का सौदा करना का मौका दिया। थाना लाडवा में दर्ज मामला दर्ज कर पूछताछ की गई। बाद में साभार साइंटिफिक सामाग्री शाखा-2 को दिखा गया।
दिनांक 29 अप्रैल 2025 को क्राइम होल्डिंग शाखा-2 के प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्गनिर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक रामकुमार, पीआचार्य रामकुमार, सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, मुख्य पर्यवेक्षक महेश कुमार, गुरमेज सिंह और दिनेश कुमार की टीम ने सामान चोरी के आरोप में सहायक उपनिरीक्षक मायापुर रूपपुर जिला सहायक उपनिरीक्षक रामकुमार, पीआसमी डोमिनिक रामकुमार, सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, मुख्य सचिव महेश कुमार, गुरमेज सिंह और दिनेश कुमार की टीम ने सामान चोरी के आरोप में सहायक उपनिरीक्षक मायापुर रूपपुर जिला सहायक कंपनी यूपी को गिरफ्तार कर लिया।

# मांगों व शिकायतों को गम्भीरता से लें अधिकारी: डा. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने शुक्रवार को सीएम विंडो, समाधान शिविर व जन संवाद में आई मांगों एवं शिकायतों को लेकर की गई समीक्षा बैठक में निगम अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी शाखा से सम्बधित उक्त पोर्टल पर आई मांगों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि किए गए कार्य की एक्शन टेकन रिपोर्ट (ए.टी.आर.) समय पर अपलोड की जाए। कोई भी शिकायत ऑवरड्यू यानि अतिदेय नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकारी



अभियंताओं को निर्देश दिए कि समाधान शिविर एवं जन संवाद पोर्टल पर आई मांगों पर निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्बधित कार्यकारी अभियंता स्वयं भी इन कार्यों की निगरानी करें। गड्ढे भरने, सीवरेज व स्टोरम वाटर लाईनो की सफाई, मेन होल कवर तथा स्ट्रीट लाईट खराब होने जैसी शिकायत का तुरंत समाधान करना सुनिश्चित किया जाए। ए.टी.आर. में जवाब सही दिया जाए, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में लापरवाही न की जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने कहा कि मुख्यालय द्वारा इन पोर्टल पर आई शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा की जाती है, इसलिए सभी अधिकारी इसे गम्भीरता से लें और त्वज्जों देकर इन कार्यों को निपटाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि टाईम लाईन तैयार कर कार्य योजना बनाई जाए, सभी कार्य समय से पूरे होंगे। उन्होंने उप निगम आयुक्त अभय सिंह को निर्देश दिए कि सभी शाखा प्रमुख को एक सप्ताह में लंबित शिकायतों के निपटान बारे पत्र लिखा जाए। अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग के करें चालान-
उन्होंने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि शहर में अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों को काफी समय दिया जा चुका है, अब चालान करने की बारी है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों व वाहन चालकों को जाम के कारण परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग व बिक्री कर रहे थोक विक्रेता तथा दुकानदारों के रोजाना चालान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने भवन एवं भूमि शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कब्जे होने को लेकर अगर कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो तुरंत उसकी जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : अजय कुमार शारदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश अजय कुमार शारदा की अध्यक्षता में 10 मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से बैंक और इंश्योरेंस कंपनियों के प्रबंधकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन उपस्थित रहीं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने उपस्थित प्रबंधकों, ट्रैफिक पुलिस, स्थाई लोक अदालत के सदस्यों और बैंक व इंश्योरेंस कंपनियों के पैनल अधिवक्ताओं को 10 मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मुकदमों का निपटारा करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन सब डिविजनल असंध पहुंचीं, जहां उन्होंने सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी असंध के अतिरिक्त सिविल जज एवं अध्यक्ष हरीश सबरवाल से बातचीत की और सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी की कार्यशैली के बारे मार्गदर्शन किया। उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं और मध्यस्थों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में भी चर्चा की और 10 मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करवाने की बात रखी। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में निपटारा होने पर किसी की हार नहीं होती, आपसी रजामंदी से मुकदमे का निपटारा होता है और इससे समय व धन की बचत होती है।

## न्यूज फ्लैश

### मानसून आने से पहले ही नालों व ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करें विभाग: देवेन्द्र गौतम

**सोनीपत: "आप" हरियाणा के** सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र गौतम ने मानसून आने से पहले चिंता जाहिर की है। गौतम ने कहा की दिल्ली और फरीदाबाद में पहली बारीश में ही सड़के नहरो में तब्दील हो चुकी है। सोनीपत में भी मानसून आने से पहले कोई ध्यान प्रशासन द्वारा नहीं दिया जाता। देवेन्द्र गौतम ने स्थानीय प्रशासन से निवेदन किया है की वो मानसून आने से पहले ड्रेनेज सिस्टम की सफाई के साथ बड़े व छोटे नालों की सफाई करना सुनिश्चित करें। सोनीपत की सड़के भी नहरों में तब्दील हो उससे पहले विभागों में तैनात अधिकारियों की जिम्मेवारी सुनिश्चित हो ताकि कहीं भी लापरवाही देखने को मिले तो सम्बंधित अधिकारी प? कारवाई हो सकें।

### अब तक 52290 किसान गेहूॅं की फसल को लेकर पहुंचे खरीद केन्द्र- डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: उपायुक्त अजय सिंह** तोमर ने कहा कि अम्बाला जिले मे 15 मंण्डियों व खरीद केन्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 241371.95 मीट्रिक टन गेहूॅं को खरीद लिया हैं। इन मंण्डियों में अब तक 52290 किसान गेहॅू लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंण्डियों में एजेन्सियों द्वारा गत दिवस तक 88.5 प्रतिशत के साथ 220412 मीट्रिक टन गेहॅू के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एजेन्सियों के अधिकारियों को गेहॅू उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मण्डियों से गेहॅू खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लिए एक सशक्त प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: उपायुक्त अजय सिंह** तोमर ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000/- अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000/- अनुदान राशि दी जाती है।

# पोक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अवगत कराया**

**अम्बाला प्रवीण ने शिरकत की तथा इस अपराध से बचने के लिए बच्चों को जानकारी उपलब्ध करवाई**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** महर्षि मार्कन्डेशवर स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला द्वारा एक पोक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस का विषय लोगों में इस अपराध से बचने के लिए जागरूकता लाना था तथा कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में सीजे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला प्रवीण ने शिरकत की तथा इस अपराध से बचने के लिए बच्चों को जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने अपराध से बचने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए इन सबकी जानकारी दी साथ में ये भी बताया कि अगर किसी भी बच्चे के साथ ऐसी कोई घटना होती है तो उसकी जानकारी अपने घर पे या अपनी स्कूल टीचर से जरूर करनी चाहिए तथा चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी दीए इसके साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बच्चों को अपराध से जुड़े कानून के बारे में भी अवगत करवाया और हमेशा ऐसे अपराधों से बचने की सलाह दी। उन्होंने इस अपराध से जुडी एक पीपीटी भी बच्चों को दिखाई और हमेशा सतर्क रहने को कहा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि कानूनी सहायता के जरिए समाज के कमजोर वर्गों को बिना पैसे या बहुत कम पैसे में कानूनी सेवाएं मिलती है कानूनी सहायता से लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा होती है । कानूनी सहायता से समाज के कमजोर वर्ग मजबूत बनते हैं और आत्मविश्वास के साथ जीने में सक्षम होते हैं । कानूनी सहायता से विधिक समता सुनिश्चित होती है। कानूनी सहायता से यह सुनिश्चित होता है कि हर नागरिक को न्याय और निष्पक्ष सुनवाई तक समान पहुंच मिले । प्रवीण ने बताया की डीएलएसए का प्राथमिक कार्य उन व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करना है जो कानूनी प्रतिनिधित्व का खर्च नहीं उठा सकते। यह सहायता दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक और श्रम मामलों सहित कई तरह के मुद्दों को कवर करती है। प्रवीण, ने सभी विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा की उन्हें शुरू से अपना लक्ष्य बनाना चाहिए की वे भविष्य में क्या करना चाहते है व क्या बनना चाहत है और उसके लिए परिश्रम पढ़ाई के साथ साथ ही करते रहना चाहिए। इस दौरान उन्होने विद्यार्थियों से बातचीत की व उनके विचार सुने।
इस मौके पर एमएम स्कूल का स्टाफगण, विद्यार्थिगण व पैरालिगल वैलंटिय अजय शंकर तिवारी मौजूद रहे।

## सेवा ट्रस्ट इंडिया ने श्रमिकों को खांसी की दवाई व बिस्किट वितरित किए




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस** के अवसर पर बाबा धाम के पीछे मुख्य एम आर एस केंद्र पर कूड़ा उठाने वाले 150 श्रमिकों को खांसी की दवाई व पारले जी के बिस्किट वितरित किए। श्रमिक सफाई का कार्य करते हैं जिससे की गंदगी से छुटकारा पाया जा सके। सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया सोनीपत के प्रधान सुरेश वत्स व उसकी टीम जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करती रहती है यह संस्था सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को,कुष्ठ आश्रम में, वृद्ध आश्रम में व भट्ठे पर कार्य करने वाले श्रमिकों को खाद्य सामग्री भेंट करते रहते हैं । लक्ष्मी नारायण योग शिक्षक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर (सूर्य नमस्कार) ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए योग करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी योग करने की आदत डालें जिससे संपूर्ण परिवार स्वस्थ रहे । दिलबाग सिंह हिंदी प्रवक्ता ने सभी श्रमिकों को संदेश दिया कि अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाए जिससे कि बच्चे पढ़ कर अपना उज्ज्वल भविष्य बना सके
प्रधान जी ने कहा कि हमारी टीम भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता करती रहेगी । अंत में कामी रोड पर स्थित गौशाला में जाकर संस्था के सदस्यों ने 11 कट्टे चारा व 5 किलो ग्राम दलिया गौ माताओं को खिलाया । इस अवसर पर सुनील छहतैरा, पहलवान हवा सिंह , पूर्व मैनेजर रमेश मदान ,गणित विशेषज्ञ संजय कुमार, युवा अर्पित सिंह, अमित तिहाडा,संदीप डागर , विनोद दहिया तथा बहुसंख्या में श्रमिक उपस्थित रहे ।

## अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्यों और बांग्लादेशियों की जाँच करवाने के बारे में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**जिला पार्षद मनजीत उर्फ भोला** व उनके अन्य साथियों ने शुक्रवार को खरखौदा एसडीएम निर्मल नागर को ज्ञापन देते हुए बताया कि उनके संगठन जेएससार ग्रुप खरखौदा में अपने स्तर पर जांच करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि बरोना रोड़, सांपला रोड़, कुलदीप नगर व खरखौदा के अन्य क्षेत्र में अवैध रूप से रोहिग्य और बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं। जोकि सरकारी स्थानों, जैसे फुटपाथ एवं नगरपालिका की जमीनों पर अवैध टेंट




लगाकर रह रहे हैं, और अपना आधार कार्ड बनवा रहे हैं। उनका कहना हैं कि एक कमेटी बनवाकर जल्द ही इनकी जांच करवाई जाए।

## सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए: शाईन

**समीक्षा बैठक**

**मोहम्मद शाईन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक की**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: हरियाणा सरकार** के आवास विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की व उपायुक्तों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से समाधान शिविरों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
वीसी की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन ने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों, उनकी पेंडेंसी, री-ओपन और रिजेक्टेड मामलों तथा संबंधित विभागों द्वारा इन शिकायतों के संबध में जो कार्रवाई की जा रही है उसकी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आयुक्त एवं सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला अम्बाला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 4137 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3742 का निपटान किया जा चुका है, जबकि 143 शिकायतें लंबित हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन सभी शेष बची शिकायतों के निपटान के तहत सम्बन्धित विभागों द्वारा बेहतर समन्वय के साथ कार्य भी किया जा रहा है और प्रयास है कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करवाया जाए। उन्होंने कहा कि वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले है उसकी अनुपालना के तहत आगामी सभी कार्यों को किया जाएगा। वीसी के उपरांत उपायुक्त के निर्देशानुसार एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने उनके कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की एक बैठक लेकर जिला स्तर पर शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एक सराहनीय और जनहितैषी पहल है।

## बरसात से पहले छोटी मोटी खामियों को दूर करें: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। नगर निगम** मेयर राजीव जैन ने सीवेरज डिस्पोजलो का दौरा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात से पहले छोटी मोटी खामियां दूर करें ताकि जलभराव की समस्या ना हो। ड्रेन नंबर 6 पर नए आई पी एस पर दो मोटरों की तार नहीं थी और जनरेटर की बैटरी डाउन है उन्हें ठीक करवाया जाये। राजीव जैन ने आदर्श नगर, शिव कालोनी तथा चावला कॉलोनी के



डिस्पोजल तीन महीने के लिये दोबारा शुरू किये जाने बारे कहा ताकि बरसात में आने वाले ज्यादा पानी को ड्रेन नंबर 6 में डाला जा सके। कुछ समय पहले डिस्पोजल बंद कर दिए गए थे। उन्होंने ओल्ड डी सी रोड सिथत डिस्पोजल पर जाकर देखा कि एक मोटर खराब है, चेंज ओवर स्विच ना होने से डायरेक्ट चलानी पड़ती है जिससे फेज बदलने में भी परेशानी होती है।

**दिशा-निर्देश**

**ड्रेन नंबर 6 पर नए आई पी एस पर दो मोटरों की तार नहीं थी और जनरेटर की बैटरी डाउन है**

मेयर ने राठधना रोड स्थित सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट का भी दौरा किया, जनरेटर सहित सारी वयवस्थाएँ जांची। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंदे पानी के कुँओं में पांच फीट से ज्यादा सिल्ट जमा हो चुकी है जिसे निकलवाने का प्रबंध किया जाये। इसके बाद उन्होंने खाटूश्याम मंदिर के पास स्थित डिस्पोजल और ककरोई रोड स्थित सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट का भी दौरा किया।

## तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आई.बी. महाविद्यालय** में जीव विज्ञान विभाग के बीएससी प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बीएससी तृतीय के वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, विभागाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह, प्रो. पवन कुमार, डॉ. विक्रम, डॉ. प्रवीण द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में सहयोग और प्रेम की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि



विद्यार्थी जीवन के अनेक पड़ावों में से यह एक बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव है जब आप महाविद्यालय की शिक्षा पूर्ण करके उच्चतर शिक्षा की तरफ अग्रसर होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को समय के अनुरूप अपने आप को तैयार करने की प्रेरणा दी और कहा कि महाविद्यालय में बिताया हुआ यह समय आपके जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखेगा और अपेक्षा है कि आप महाविद्यालय के साथ अपने जुड़ाव को इसी तरह से कायम रखेंगे।
डॉ. निधान सिंह ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को और कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित भी किया और आने वाली परीक्षाओं के लिए उनको अपनी शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों द्वारा अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। मंच का संचालन स्नेहा, छवि, अंजलि और गरिमा द्वारा किया गया। प्राणी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कुमार ने भी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें बोलने की क्षमता का विकास होता है। बीएससी तृतीय वर्ष के हर्षित को मिस्टर फेयरवेल, शालू को मिस एलिगेंट, प्राची को मिस ब्यूटीफुल और अमीषा को मिस फेयरवेल चुना गया।

## डॉ नवीन नैन भालसी को बनाया गया राष्ट्रीय संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**अन्तरराष्ट्रीय जाट** संसद संगठनात्मक विस्तार के दौरान डॉ नवीन नैन भालसी को अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा राष्ट्रीय संयोजक की अहम ज़िम्मेदारी के साथ सम्मानित किया गया,इसी दौरान कैथल जिले के सुरेश जैलदार सिरोही को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष व हिसार जिले के बवानी सिंह किरमारा को हरियाणा प्रदेश संयोजक बनाया गया।
इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद पिछले 15-20 वर्षों से जाट समाज को संगठित व



गौरवशाली इतिहास को जन जन तक पहुँचाने में प्रयासरत है,जिस दौरान समय समय पर हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र,दिल्ली व विदेशों की धरती पर ऑस्ट्रेलिया व लंदन में जाकर समाज को जागरूक व जोड़ने के लिए विशाल सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

**सम्मान**

**अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा राष्ट्रीय संयोजक की अहम ज़िम्मेदारी के साथ सम्मानित किया गया**

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि राष्ट्रीय संयोजक से पहले अपने सामाजिक जीवन में इंडियन नेशनल लोकदल पॉलिटिकल पार्टी में 5 बार जिला पानीपत में बतौर ज़िलाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी सँभाल कर रखी तत्पश्चात इनेलो में प्रधान महासचिव,युवा इनेलो हरियाणा की ज़िम्मेदारी सँभाली हुई है, इसके इलावा अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद में पिछले पांच वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा की ज़िम्मेदारी निभा रहे थे व इसके इलावा अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद में प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा के तौर पर कई वर्षों से ज़िम्मेदारी निभा चुके है तत्पश्चात अब राष्ट्रीय महामंत्री संगठन की ज़िम्मेदारी निभा रहे है जोकि पिछले दिनों वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ महादेव की तिरसूल यात्रा को 25 दिनों में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम, 12 शक्तिपीठ की सफल यात्रा की गई, इसके इलावा ऑल इंडिया शहीद भगत सिंह ब्रिगेड में हरियाणा नॉर्थ जॉन प्रभारी की ज़िम्मेदारी निभा रहे है।

## प्रत्येक साजिश की आर्य समाज करता है कड़ी भर्त्सना: रणदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जम्मू कश्मीर के पहलगाम** में आतंकवादी हमले की दुखद घटना को लेकर आर्य बाल भारती परिसर से पहलगाम हमला रोष रोष मार्च निकाला गया। जिसमें विद्यालय के छात्र और छात्राओं के अतिरिक्त हिंदुस्तान स्काउट गाइड के स्वयंसेवक भी जिला सचिवालय में पहुंचे प्रधान रणदीप आर्य की अगुवाई में आर्य संस्थाओं की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा` इस अवसर पर आर्य समाज काबड़ी के उपप्रधान ओम दत्त आर्य, प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य, उप प्राचार्य जगदीश आर्य, कपिल के अलावा सभी अध्यापक




मौजूद रहे` इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है कश्मीर के पहलगाम में गत दिनों आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमला इसी का उदाहरण है मजहब के आधार पर इस नृशंस हत्याकांड में भारत के निर्दोष पर्यटकों की जान चली गईं उन्होंने कहा कि जब से केंद्र की सरकार ने कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को हटाकर इसे एक विकसित प्रदेश बनाने का प्रयास किया । जिससे घाटी में अमन शांति कायम हुई व विकास कार्यों तेजी से आगे बढ़ने लगे और केंद्र सरकार के इन प्रयासों की विश्व स्तर पर सराहना हुई और भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था जैसी उपलब्धि से विश्व का ध्यान भटकाने के लिए ही पाकिस्तानी आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया । उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति बन गया है और तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है। ऐसे समय में आर्य समाज की सभी संस्थाएं सरकार के साथ तन मन धन से खड़ी हैं उन्होंने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद भारत की शिक्षा व्यवस्था को भी मुगलिया पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित विपक्ष की सरकारों में भारतीय संस्कृति से नागरिकों को दूर करने का कार्य किया है जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना कार्यभार संभाला है तब से देशभक्ति और राष्ट्रवाद को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि जीवन ईश्वर प्रदत्त उपहार है। शरीर की साँसें, मन की लहरें और हृदय की धडकनें सब प्रभु के आशीर्वाद से ही चलती हैं इसलिए मानव जीवन के विरुद्ध रची जाने वाली प्रत्येक साजिश की आर्य समाज कड़ी भर्त्सना करता है । वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार को जहाँ पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मिलने वाली आर्थिक मदद तुरंत रुकवा देनी चाहिए वहीँ सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना चाहिए ।

## संयुक्त टीम ने अवैध खनन करते हुए पकड़ी जेसीबी मशीन:उपायुक्त मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। जिला खनन** अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खनन एवं भू विज्ञान विभाग हरियाणा के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देशानुसार व उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के नेतृत्व में जिला में अवैध खनन पर प्रशासन द्वारा नकेल कसी जा रही है। जिला में गठित टीमें प्रतिदिन यमुना व जिला के अन्य क्षेत्रों में दिन-रात चैकिंग कर रही है ताकि कहीं भी अवैध खनन न हो सके। अवैध खनन पर अंकुश लगाने व गतिविधियों में संलिप्त लोगों से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य प्रर्वतन



ब्यूरो व मिमारपुर की संयुक्त टीम द्वारा गांव पलड़ा में अवैध खनन करते जेसीबी मशीन को काबू किया, जिसका मालिक संदीप पुत्र फुलकुंवार निवासी पलड़ा है। जेसीबी मशीन को टीम के द्वारा लाकर पुलिस थाना बहालगढ़ में सीज कर दिया गया है। पकड़ी गई मशीन को जुमार्ना भरने के उपरांत ही छोड़ा जाएगा। जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक सहयोग करें,और अगर कहीं भी अवैध खनन हो रहा है । तो इसकी सूचना तुरंत हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो द्वारा व्हाट्सएप नंबर 9878380112 पर करें।

# उल्लास कार्यक्रम से देश को मिले एक करोड़ नवसाक्षर: कंवलजीत कौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: उल्लास नवसाक्षर भारत** कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पंचायत भवन में जिलास्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उल्लास कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 से अधिक प्राचार्य, शिक्षक आदि हितधारकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही जबकि समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने की।



इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, डीपीसी सन्तोष चौहान, डिप्टी डीईओ इंदु कौशिक, बीईओ रामराज, विजेंद्र, ज्ञानचंद, कमल बत्रा आदि उपस्थित रहे। जिला उल्लास कॉर्डिनेटर संजय कौशिक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की जबकि मंच संचालन अमित मलिक व अमित कौशिक ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने कहा कि पूर्ण साक्षरता प्राप्त करना हमारे विकसित भारत के दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है, और उल्लास कार्यक्रम इस दिशा में एक अभूतपूर्व प्रयास है। भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में उल्लास के तहत एक करोड़ से अधिक लोग नवसाक्षर हुए हैं, जिनको बकायदा प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। पिछली पहलों के विपरीत, उल्लास कर्तव्यबोध की गहरी भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान की सामूहिक जिम्मेदारी, कर्तव्य की यह भावना ही उल्लास को अलग बनाती है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही देश 100 प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा और मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के चलते कुरुक्षेत्र जिला सबसे पहले यह टारगेट पूरा करेगा। उन्होंने आह्वान किया कि आइए इस आंदोलन के लिए एक नारे के रूप में "जन जन साक्षर" हर व्यक्ति के लिए साक्षरता को अपनाएँ। उन्होंने कहा कि शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक और प्रासंगिक बनाना भी महत्वपूर्ण है। शिक्षण विधियों को शिक्षार्थियों की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए, जिसमें खेल, लोक भाषा और दैनिक कार्य-संबंधी गतिविधियाँ शामिल होनी चाहिए।

# शिक्षकों ने डिप्टी डीईओ संतोष चौहान का किया भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: आज गांव अमीन** (अभिमन्युपुर) के शिक्षकों ने डिप्टी डीईओ एवं जिला परियोजना अधिकारी पद की जिम्मेदारी संभालने पर श्रीमती संतोष चौहान जी का उनके कार्यालय में आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि श्रीमती संतोष चौहान स्वयं गांव अमीन की रहने वाली हैं और इस प्रतिष्ठित पद तक पहुंचने वाली गांव की पहली शख्सियत हैं। यह उपलब्धि न केवल गांव के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समस्त शिक्षा समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। समारोह की शुरूआत बुके भेंट कर सम्मान के साथ हुई, जिसके पश्चात गांव की महिला



अध्यापिका द्वारा शाल ओढ़ाकर श्रीमती चौहान का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजेश राज, संदीप चौहान, प्रवीण, रमन, विक्रम चौहान, प्रमोद गुप्ता, कृष्ण चौहान, उर्मिला, सुरेंद्र सिंह, कमल, अमन पाल,संदीप, राजीव दहिया एवं प्रदीप गुप्ता सहित गांव अमीन के अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने श्रीमती संतोष चौहान के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र नई ऊँचाइयों को छुएगा।

## न्यूज फ्लैश

### जान से मारने का प्रयास करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: पुलिस अधीक्षक** अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज जान से मारने का प्रयास करने के मामले में 01 मई 2025 को सीआईए-1 के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी सागर निवासी गाँव सिंघावाला जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री निखिल निवासी पटेल रोड काजीवाड़ा अम्बला शहर ने 13 जुलाई 2024 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 जुलाई 2024 को घास मण्डी अम्बाला शहर के पास आरोपी अभिषेक उर्फ कालिया व अन्य ने हथियारों द्वारा उसे जान से मारने का प्रयास किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 1850 की वित्तिय सहायता: डीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) डीसी** डॉक्टर विरेदंर कुमार दहिया ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तिय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक ?1850 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। डीसी ने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तवेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यपित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।

### अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि यत्रों का पुन: भौतिक सत्यापन 6 व 7 मई को: उपायुक्त

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**उपायुक्त डॉक्टर** विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों को ध्यान रखते हुए कृषि संबंधी अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। किसानों को इनका सीधे तौर पर लाभ पहुंच रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि यत्रों का पुनः भौतिक सत्यापन दिनांक 6 मई मंगलवार व 7 मई बुधवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिये कृषि यंत्रो पर 50 फीसदी अनुदान राशि दी जाती है। फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2024-25 के तहत 70 फीसदी अनुदान के लिए कृषि यत्रों का भौतिक सत्यापन 30 जनवरी 2024 को हो गया था और जिनकी अनुदान राशि 1 लाख से ज्यादा है उन कृषि यंत्रो का 30 फीसदी अनुदान राशि के लिए स्कीम की दिशानिदेर्शानुसार पुनः भोतिक सत्यापन किया जायेगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक आत्माराम ने बताया कि बेलिग मशीन और हे रेक मशीन का भौतिक सत्यापन 6 मई मंगलवार को व सुपर सीडर मशीन का भोतिक सत्यापन 7 मई बुधवार को किया जायेगा। विदित रहे कि किसानो द्वारा 4 अगस्त तक इन यंत्रो के लिये विभाग के पोर्टल पर अप्लाई किया गया था और किसानो द्वारा यंत्र खरीद करके 30 सितंबर तक पोर्टल पर बिल भी अपलोड कर दिये गये थे। कृषि विभाग उपनिदेशक ने बताया कि कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाना है।

# शिक्षक समाज के निर्माता: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : शिक्षक समाज के** निमार्ता होते हैं इसलिए हमें संकल्पबद्ध होकर भारत देश को 2047 तक विकसित भारत बनाना है । शिक्षित समाज से ही सबल राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। समाज को पूर्ण रूप से शिक्षित करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की ओर से आर. के. सदन में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने खेलकूद




प्रतियोगिता शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि जीवन में ईमानदारी व सत्य निष्ठा से की गई मेहनत हमेशा सफल होती है। उन्होंने आईटीटीआर के भावी शिक्षकों को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षण क्षेत्र तीन सी पर आधारित होता है क्रियोसिटी (जिज्ञासा), क्रिटिकल थिंकिंग( आलोचनात्मक सोच) तथा क्रिएटिविटी (रचनात्मकता) शामिल है। उन्होंने शिक्षण अधिगम के साथ-साथ शोध की महत्ता को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला है। बीएड प्रथम वर्ष की रिदम व मुनीष द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। संस्थान की प्राचार्य प्रो. अनिता दुआ ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

उन्होंने संस्थान के विकास को रेखांकित करते हुए 2024-25 वार्षिक प्रतिवेदन सविस्तार प्रस्तुत किया। उन्होने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ही छात्रों के भीतर छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने में मददगार साबित होते है।

# 9 किलो गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**सीआईए टू पुलिस ने 9** किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायार को वीरवार को पंजाब के मोहाली के कंसल से गिरफ्तार किया।

आरोपी की पहचान परवेज निवासी हुसैनपुर शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने 16 मार्च 2024 को तामशाबाद बंधा पर नाकाबंदी कर बाइक सवार नशा तस्कर वाशेखान निवासी हुसैनपुर मुजफ्फरनगर यूपी को 9 किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने पानीपत आसपास के क्षेत्र में गांजा पत्ती बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए गांजा पत्ती अपने गांव निवासी परवेज पुत्र महताब से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। आरोपी वाशेखान के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद पुलिल टीम ने आरोपी नशा सप्लायर परवेज की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम आरोपी परवेज को पकड़ने के लिए उसके संभावित ठीकानों पर दबिश दे रही थी।

# डॉ . अमित अग्रवाल ने की प्रदेश के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा पंचायत विभाग के** आयुक्त और सचिव डॉक्टर अमित अग्रवाल ने शुक्रवार को जन संवाद, समाधान शिविर व सीएम विंडो से प्राप्त जन समस्याओ की वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के डीसी के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉ अमित अग्रवाल ने कहा कि हमें नागरिकों की समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान करना है। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी उपायुक्तों को समस्याओं पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध कब्जा पर संज्ञान लेने की जरूरत है। उन्होंने जिले अनुसार जन संवाद समाधान शिविर और सीएम विंडो के तहत प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का जिले अनुसार ब्यौरा लिया। निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय और जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने डॉ अमित अग्रवाल को आश्वस्त किया कि जो समस्याएं जन संवाद, सीएम विंडो और समाधान शिविर में प्राप्त हो रही है उन पर संज्ञान लिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में समस्याएं के अलावा आमजन द्वारा मांगे भी रखी जा रही है।

# प्रिंसिपल ज्ञानचंद सैनी बने बाबैन खंड के खंड शिक्षा अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैनः आज श्री** ज्ञानचंद सैनी जी ने खंड शिक्षा अधिकारी बाबैन के रूप में कार्य भार संभाला है। श्री ज्ञानचंद सैनी आजकल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा मे प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। विभाग के द्वारा उन्हें यह एडिशनल चार्ज दिया गया है। ज्ञानचंद सैनी बहुत ही मेहनती और ईमानदार व्यक्ति है। जिस भी स्कूल में गए हैं उन्होंने उस स्कूल की काया ही पलट दी है। जो भी सोचते हैं वह कार्य पूर्ण



करते हैं। इनके आने से ब्लॉक के अंदर आवश्यक सुधार होगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य लाजपत गर्ग ,बीड कालवा स्कूल से ओम प्रकाश मेहरा ,दिनेश कुमार ,अशोक कुमार, राकेश कुमार ,नवीन कुमार ,पंकज कुमार कृष्ण कुमार व खंड कार्यालय से अनिल शर्मा ,मुकेश सैनी ,दिनेश पंडित ,दीपक शर्मा, सैमुअल सैनी, परमजीत ,करुणा उपस्थित रहे।

# 25 बच्चों ने मेडल प्राप्त किए

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) समालखा में हुई** मार्शल आर्ट जिला स्तरीय सब- जूनियर चैंपियनशिप में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 25 बच्चों ने अलग-अलग आयु वर्ग व वजन कैटेगरी में मेडल प्राप्त किए हैं। जिनमें से सात बच्चों ने गोल्ड मेडल, 11 बच्चों ने सिल्वर मेडल व 7 बच्चों ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये हैं, यहां पर देखने वाली सबसे बड़ी बात यह है कि जिले भर से जितने बच्चों ने पदक प्राप्त किए हैं। उनमें से हमारे विद्यालय के बच्चों ने आधे के लगभग पदक प्राप्त किए हैं जो विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है।

# बीएमडी कैंप में 50 मरीजों की हुई जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:श्री कृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) में शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर लगाया गया,जिसमें 50 से अधिक मरीजों की हड्डियों की जांच की गई। जांच में 3 मरीजों को ऑस्टियोपोरोसिस की पुष्टि हुई है, यानी ये वो बीमारी है, जो बिना लक्षणों के धीरे-धीरे बढ़ती है और हड्डियों को इतना कमजोर बना देती है कि हल्की चोट में भी फ्रैक्चर हो सकता है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं शल्य तंत्र विभाग के चेयरमैन डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया



कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में हर महीने के पहले शुक्रवार को अस्पताल में शल्य तंत्र विभाग द्वारा हड्डी खनिज घनत्व (इटऊ) कैंप लगाया जाता है, जिसमें ऑस्टियोपोरोसिस समेत अन्य हड्डी संबंधी रोगियों की निशुल्क जांच की जाती है।

बीएमडी से फ्रैक्चर के खतरे का आकलनःवैद्य अनामिका

शल्य तंत्र विभाग की एसोसिएट प्रो. अनामिका ने बताया कि बीएमडी जांच हड्डियों की मजबूती का परीक्षण करने के लिए की जाती है। इस जांच से पता चलाता है कि आपकी हड्डियों में कितनी मात्रा में खनिज (कैल्शियम) हैं। यह जांच विशेष रूप से ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों का कमजोर होना) और अन्य हड्डी संबंधी रोगों के जोखिम का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण है। कई बार उम्र के साथ या अन्य बीमारियों के कारण हड्डियां समय से पहले कमजोर हो जाती हैं,बीएमडी टेस्ट इसकी पुष्टि करता है। इससे फ्रैक्चर के खतरे का आकलन किया जाता है।

महिलाओं के लिए विशेष रूप से जरूरीः डॉ. अनामिका

डॉ. अनामिका ने बताया कि रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के कारण हड्डियां तेजी से कमजोर होती हैं।

# अंतजार्तीय विवाह शगुन योजना के तहत 21 जोड़ों को चेक वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल** ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने शुक्रवार को अंत्योदय भवन में मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतजार्तीय विवाह शगुन योजना के तहत 21 जोड़ों को चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से यह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग की ओर से यह योजना चलाई गई है।

लडका/लडकी से गैर अनुसूचित जाति के लडका/ लडकी द्वारा विवाह करने पर अनुसूचित जाति के लडका/लडकी अपने गृह जिले में अपना फार्म भरकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# अंत्योदय उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है सरकार: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के पूर्व** राज्यमंत्री सुभाष सुध ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। सरकार की ओर से गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अंत्योदय योजनाएं तैयार की जा रही हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर भाजपा कार्यकताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को रोटी, कपड़ा



और मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को केंद्र में रखकर योजनाओं का खाका तैयार किया जाता है ताकि गरीबों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले और उनका जीवन स्तर ऊपर उठ सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से हर क्षेत्र में विकास कार्य करवा रही है। जिला कुरुक्षेत्र में भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का पहिया अब और तेजी से घूमेगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा के बल पर अपना भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने जिला के युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे भी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में आगे आएं, ताकि उनके जिला व गांव सहित परिवार का नाम रोशन हो सके। उन्होंने कहा कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।

आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत ह्वविकसित भारतह्न की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 विजन देश की आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए सरकार का दूरदर्शी विजन है। उन्हें पूरा भरोसा है कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से आतंकवादियों को जवाब दिया जाएगा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक अवश्य ही विकसित भारत बनेगा।

# डीएलएसए की तरफ से मजदूरों के लिए लगाया गया जागरूकता शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर लेबर विभाग के साथ मिलकर मजदूरों के लिए जागरूकता शिविर लगाए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिसके तहत पैनल




अधिवक्ता हरपाल सिंह द्वारा मजदूरों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा साथ ही ई श्रम कार्ड के लिए उनका रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया। इसी कड़ी में डीएलएसए द्वारा मजदूर दिवस पर जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

# धीरपुर वार्ड: पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल ने किया समुदाय भवन के नामकरण बोर्ड का उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन आर एवं एम ब्लॉक में स्थित समुदाय भवन के नामकरण के नाम पट्ट (बोर्ड) का उद्घाटन निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह आयोजन न केवल एक ऐतिहासिक क्षण था, बल्कि ब्राह्मण समाज की वर्षों की मेहनत और संकल्प की सफलता का प्रतीक भी है।

इस समुदाय भवन का नाम 'भगवान परशुराम जी' के नाम पर रखा जाना समाज की सांस्कृतिक विरासत और गौरव को दर्शाता है। वर्षों से चली आ रही इस मांग को साकार करने में ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन और आदर्श नगर विधानसभा के विभिन्न पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। परंतु पिछले कई सालों में नामकरण के बावजूद भगवान परशुराम जी के नाम का बोर्ड वहां नहीं लग पाया था। अब नेहा अग्रवाल ने अपने पार्षद निधि से इस बोर्ड को पास करवाकर नए स्वरूप में लगवा दिया है। जिसका विधिवत उद्घाटन आर एण्ड एम ब्लॉक के आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, सदस्यों एवं ब्राह्मण समाज के सदस्यों एवं उपस्थित जनसमूह के साथ निगम पार्षद नेहा अग्रवाल के कर कमलों द्वारा किया गया।






इस अवसर पर पूर्व विधायक पवन शर्मा भी उपस्थित रहे। साथ ही आम आदमी पार्टी वार्ड-14 के अध्यक्ष दिनेश तंवर, संगठन मंत्री अनिल रतन मोंटी, मॉडल टाउन के मंडल अध्यक्ष मनप्रीत सिंह इसके अलावा विशेष रूप से ब्राह्मण समाज के संरक्षक पिंडी दास वैद्य, सभा के अध्यक्ष ललित शर्मा, उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार भूपेंद्र सिंह, आर ब्लॉक आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सत्य प्रकाश वशिष्ठ, एम ब्लॉक आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी एवं साथी मौजूद रहे।

**क्या बोली निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल**

इस मौके पर नेहा अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की भावनाओं को सम्मान देना और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना मेरा कर्तव्य है। मैं इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा होते देखकर अत्यंत गर्वित हूँ। ब्राह्मण समाज ने मुझे जो विश्वास और स्नेह दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। इस उद्घाटन के साथ, ब्राह्मण समाज ने भविष्य में सामुदायिक विकास के लिए नई योजनाओं को गति देने का संकल्प लिया है। इस भवन में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## सरकार बदली, लेकिन हालात जस के तस: भारत सिंह राघवे

### जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन के पास जलभराव होने से लोग परेशान: भारत सिंह राघव





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह को हुई बारिश से रोड़ों पर जगह-जगह जलभराव हो जाने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ ऐसा ही हाल जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन के पास का भी रहा। जहां पर जलभराव होने की वजह से वहां से गुजरने वाले पैदल यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। समाजसेवी भारत सिंह राघव ने कहा कि दिल्ली में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, लेकिन समस्याएं जस की तस है। शुक्रवार को सुबह हुई बारिश के कारण जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन, जहांगीरपुरी मेन रोड, जीटी करनाल रोड सहित कई रोड़ों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशान होना पड़ा।

**राघव बोले...**

**सरकार को जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।**

उन्होंने आगे बताया कि सरकार को जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

## 'वार्षिक तबादलों में पारदर्शिता और शिक्षण गुणवत्ता को मिलेगा बढ़ावा'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** के शिक्षा निदेशालय की पोस्ट फिक्सेशन शाखा द्वारा सभी विद्यालयों में छात्रों के अनुपात के आधार पर सत्र प्रारंभ होने से पहले ही पोस्ट फिक्सेशन जारी कर दिया गया है। यह निर्णय शिक्षा विभाग के इतिहास में एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बहुत वर्षों के बाद इस बार जीएसटीए की मांग पर शिक्षा निदेशिका महोदया द्वारा वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया से पूर्व ही पोस्ट फिक्सेशन जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व वर्षों में पोस्ट फिक्सेशन शैक्षणिक सत्र के मध्य, यानी सितंबर माह में, छात्रों की संख्या के आधार पर जारी होता था। उस समय तक सत्र का आधा भाग व्यतीत हो चुका होता था।

## नरेला के आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में सफियाबाद रोड स्थित आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़े उत्साह, संवेदनशीलता और सामाजिक चेतना के साथ मनाया गया। यह आयोजन उन मेहनती श्रमिकों को समर्पित था, जिनके अथक परिश्रम से विद्यालय जैसी संस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती हैं और जिनका योगदान समाज के लिए अतुलनीय है।





कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रमिकों के सम्मान में प्रेरणादायक कविताएं, भावपूर्ण भाषण और नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि श्रम ही समाज की रीढ़ है और प्रत्येक श्रमिक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नृत्य-नाटिकाओं में श्रमिकों के दैनिक जीवन, उनकी मेहनत और समर्पण को भावपूर्ण ढंग से दर्शाया गया, जिसने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का समापन इस प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। हर श्रमिक की मेहनत, एक उज्ज्वल राष्ट्र की बुनियाद है।

आयोजन के अंत में विद्यालय के सहायक स्टाफ को सम्मानित किया गया और सभी ने उनके योगदान की सराहना की। यह आयोजन केवल एक औपचारिकता नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों और समाज में श्रम के प्रति सम्मान और समानता की भावना को जागृत करने का एक सार्थक प्रयास था।

आर.के. इंटरनेशनल स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने कहा कि श्रमिक हमारे समाज के असली नायक हैं। उनके परिश्रम और समर्पण के बिना कोई भी संस्था पूर्ण नहीं हो सकती। यह दिन हमें उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर देता है। श्रम की गरिमा ही समाज को मजबूत बनाती है। हमारे श्रमिक विद्यालय परिवार की नींव हैं, और हमें उनकी मेहनत का हमेशा सम्मान करना चाहिए। निदेशक शिल्पी शर्मा ने बताया कि हमारे सहायक स्टाफ विद्यालय के 'अदृश्य नायक' हैं। उनकी मेहनत और लगन हर दिन हमें प्रेरित करती है। हमें उनके प्रति हमेशा कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। एक सच्चा नागरिक वही है जो प्रत्येक वर्ग के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता रखता है। श्रमिकों के प्रति आदर का भाव हमें बेहतर इंसान बनाता है। कार्यक्रम में सभी स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।


## बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में बारिश से जगह-जगह जलभराव, लोग परेशान

**महेंद्र सिंह/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में शुक्रवार सुबह को हुई बरसात से बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव हो गया। जिससे जगह-जगह सड़कें व गली-कुचे जलमग्न दिखाई दिये और जिसके चलते लोगों को खासा परेशानियां झेलनी पड़ी। इस दौरान क्षेत्र स्थित नत्थूपुरा, गढ़ी गांव, इब्राहिम पुर, बाबा कॉलोनी, झड़ौदा, तोमर कॉलोनी, कमल विहार, राधा विहार सहित कई जगहों पर काफी पानी भर गया, जिससे लोगों को अपने घरों में भी आने-जाने में दिक्कतें होने लगी। आपको यह भी बतादें कि बुराड़ी में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। असुविधाओं को झेल रहे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति काफी नाराजगी है। यहां पर टूटी सड़क और पानी की किल्लत से यहां के लोग ज्यादा परेशान हैं। टूटी सड़क ने यातायात ठप कर दिया है, लेकिन बरसात के दिनों में यहां पैदा होने वाली समस्या सबसे भयावह होती है जब पूरा क्षेत्र निकासी की ठीक व्यवस्था न होने से पानी में डूबा होता है। लोगों की शिकायतों के बाद भी यहां की समस्याओं का हल निकल नहीं पाया है।







**मुख्य सड़कें जर्जर होने की वजह से होता है जलभराव:** क्षेत्र की मुख्य सड़कें लंबे समय से जर्जर हैं। ऊबड़-खाबड़ व गड्ढों से भरी सड़कों के कारण यातायात प्रभावित होता है। अक्सर लगने वाले जाम की यह बड़ी वजह है। साथ ही बड़े व छोटे वाहनों का आवागमन भी यहां मुश्किल से हो पाता है। दोपहिया वाहन तो कई बार सड़क की इस अवस्था के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पैदल यात्रियों को भी इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**लोगों की जुबानी:** बुराड़ी क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने कहा कि बुराड़ी गांव से नत्थूपुरा जाने वाली सड़कों का तो इतना बुरा हाल है कि वहां सड़कों पर गड्ढे है या गड्ढों पर सडक बनाई गई है पता ही नहीं चलता है, जिसकी वजह से रोजाना घंटों तक जाम लगना अब रोजाना की बात हो गई है। तो वहीं खुले हुए सीवर व सड़कों पर खुदाई के बाद किए गड्ढों की वजह से भी लोगों को खासा परेशानी हो रही है।

**नरेंद्र सोनी, प्रवक्ता, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी** ने बताया कि बुराड़ी में एक समस्या हो तो बताई भी जाए, बुराड़ी क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ। नरेंद्र सोनी ने कहा कि अभी तो बरसाती मौसम शुरू भी नहीं हुआ कि चंद मिनटों की बारिश ने दिल्ली सरकार और विधायक संजीव झा के कार्यों की पोल खोल कर रख दी है। क्षेत्र में न तो किसी भी तरह से पानी की निकासी का इंतजाम हुआ है और न ही साफ-सफाई होती है क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

**सुनील दूबे, समाज सेवी:** बुराड़ी क्षेत्र के बाबा कॉलोनी में रहने वाले समाज सेवी सुनील दूबे ने कहा कि विधायक संजीव झा बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से पिछली चार बार से विधायक रहे है और उन्होंने क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया है। क्षेत्र में सड़कों का हाल बहुत बुरा है। जगह-जगह गड्ढे से वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

## मैच में लगवा रहे थे सट्टा, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस** की क्राइम ब्रांच ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) पर सट्टा लगवाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन, दो नोटबुक, एक टीवी स्क्रीन और अन्य गैजेट बरामद किए है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हिमांशु गुलाटी, उत्तम नगर निवासी अमित कुमार और किरण गार्डन निवासी अमित माकोल के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मोबाइल फोन और अन्य गैजेट्स की मदद से द्वारका इलाके में आईपीएल मैच में सट्टेबाजी हो रही है।

## बुराड़ी विधानसभा: ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई मासिक बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** के कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वार्ड-7 व बुराड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला करावल नगर के प्रभारी लक्ष्मण रावत व करावल नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदेश भारद्वाज मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत ने कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए, जननायक राहुल गांधी द्वारा उठाये गए जाति जनगणना के मुद्दे पर मोदी सरकार द्वारा अपनी पूर्व के स्टैंड से यू टर्न लेने पर खुशी का इजहार किया। बैठक में बुराड़ी ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए सरकार से जल्द से जल्द दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जननायक राहुल गांधी ने हमेशा ही हर खतरे के लिए पहले से ही सरकार को आगाह किया लेकिन सरकार ने नहीं माना। कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खेमचन्द सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में ब्लाक की मासिक बैठक करने की जो मुहिम चलाई है वह बहुत ही अच्छी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस को जमीनी कार्यकर्ताओं व लोगो के सुख-दुख में पहले की तरह खड़े रहने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि पहलगाम का जो जघन्य नरसंहार हुआ, हमारे लोगों को मारा गया, वह निंदनीय है। हमने कांग्रेस शासन में लोगों के लिए जो मदद की है हम आज भी दिन-रात जनता के कामों के लिए तैयार रहते हैं। नत्थूपुरा से निर्मल कुमार ने कहा कि नत्थूपुरा, कादी विहार में भी सालों से पीने के पानी की सप्लाई ने होने से बहुत परेशानी झेल रहे हैं। कोई अधिकारी या कोई सरकारी नुमाइंदा सुनने को तैयार नहीं है। हमे जमीन का गंदा व खारा पानी इस्तेमाल करना पड़ता है जिससे जनजलित भयंकर बीमारियों का भय बना हुआ है कि इन जानलेवा बीमारियों से कैसे बचा जाये।

इस अवसर पर अनुज त्यागी, सुखबीर सिंह, ईश्वर सिंह कटारिया, ताराचंद सैनी, महेश सैनी, रतन कुमार, दिनेश सैनी, धीरज शुक्ला, पंकज त्यागी, महेश कुमार,महेश खत्री, रामराज मिश्रा, रामचेतन, बब्लू खान, कुलदीप दहिया, युवा कांग्रेस बुराड़ी विधानसभा अध्यक्ष मोहित सैनी, आशु कुमार नाथुपुरिया, दिनेश कुमार सैनी, प्रहलाद सिंह, अजय कुमार सैनी, ओमी, स्वामी नाथ आदि अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## न्यूज फ्लैश

### सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बना हरोली उत्सव: प्रशांत

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** हरोली उपमंडल के कांगड़ में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की भव्य सफलता पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय ने क्षेत्रवासियों, आयोजकों और स्थानीय प्रशासन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव ना केवल सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बना, बल्कि इससे क्षेत्र को एक नई पहचान भी मिली। प्रशांत राय ने कहा कि लगभग सात वर्षों के बाद हरोली क्षेत्र में इतने बड़े स्तर का सांस्कृतिक उत्सव आयोजित हुआ, जिसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह और उत्सुकता थी। उन्होंने बताया कि आयोजन के पहले दिन से लेकर अंतिम सांस्कृतिक संध्या तक हर शाम हजारों की भीड़ उमड़ती रही, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि लोग इस तरह के आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की सफलता में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का अहम योगदान रहा, जिन्होंने न सिर्फ उत्सव की रूपरेखा को मूर्त रूप देने में मदद की, बल्कि हर स्तर पर सहयोग कर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि हरोली भाजपा से लेकर जिला भाजपा तक कई नेताओं ने इस उत्सव का विरोध किया और इसे राजनैतिक चश्मे से देखा, लेकिन जनता ने भाजपा के इस विरोध को नकारते हुए उत्सव में भारी संख्या में भाग लेकर एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की। उन्होंने यह भी कहा कि विरोध करने वाले कई भाजपा नेता स्वयं सोशल मीडिया पर उत्सव की झलकियों को देर रात तक देखते रहे, जिससे यह साफ है कि विरोध केवल दिखावे के लिए था। प्रशांत राय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी कड़ी निंदा की और इस घटना में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह समय देश में एकजुटता का है, लेकिन भाजपा इस दुखद घटना पर भी राजनीति करने में लगी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशांत राय ने कहा कि इस तरह के आयोजन ना केवल युवाओं में सांस्कृतिक चेतना जागृत करते हैं, बल्कि पर्यटन, स्थानीय व्यापार और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन लगातार होते रहेंगे और हरोली एक सांस्कृतिक हब के रूप में विकसित होगा।

### लंबित बिलों का भुगतान न होने से ठेकेदार हुए मायूस

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** लंबित बिलों का भुगतान न होने से ऊना के सरकारी ठेकेदारों के हाथ मायूसी ही लगी है। प्रदेश सरकार ने ठेकेदारों को 30 अप्रैल तक उनके लंबित बिलों का भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक मई तक भी ठेकेदारों का कोई भुगतान नहीं हो पाया। ऐसे में सरकारी ठेकेदारों में सरकार के खिलाफ काफी रोष देखने को मिल रहा है। गुरुवार को जिला ऊना कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में बैठक कर आगामी रणनीति बनाई गई। जिसमें अन्य ठेकेदारों से भी सुझाव लिए गए। एसोसिएशन के प्रधान अशोक कुमार, राजीव कुमार, राजेश मोदगिल, करनैल सिंह, सुभाष चंद, अमन कुमार, संत कुमार, विकास शर्मा व अन्य ठेकेदारों ने कहा कि सरकार ने उन्हें 30 अप्रैल तक लंबित बिल क्लियर करने का आश्वासन दिया था, लेकिन उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। उन्होंने करोड़ों रुपए के काम पूरे कर दिए है, जिनका लंबे समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है। ठेकेदारों ने कहा कि अब उन्हें वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकारी काम पूरा करने के लिए कर्जाें से मटीरियल उठाया था। हार्डवेयर की दुकानों से सरिया, सीमेंट व पेट्रोल पंपों पर उधार किया था। अब कशर संचालक, दुकानदार व पेट्रोल पंप संचालक उन्हें पैसे देने के लिए तंग कर रहे है। यहीं नहीं उन्होंने उक्त कामों के लिए बैंकों से लोन लिया है। उन्हें अब बैंकों की किश्तें निकालना भी मुश्किल हो गया है। ठेकेदारों ने कहा कि पैसों की तंगी के कारण उन्हें अपने परिवारों का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। लंबे समय से दुकानदारों का हिसाब चुक्ता न कर पाने के कारण अब दुकानदारों ने उन्हें राशन तक देना बंद कर दिया है। कई ठेकेदारों को तो अपने बच्चों के स्कूल की फीस जमा करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के ठेकेदारों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किए थे, जिस पर सरकार ने 30 अप्रैल तक सभी ठेकेदारों के लंबित बिल अदा करने का वायदा किया था। लेकिन ऊना के ठेकेदारों को कोई पैसा नहीं मिला है। ठेकेदारों ने कहा कि जब तक उनके पैंडिंग बिल क्लियर नहीं किए जाते, तब तक वह सरकारी काम नहीं करेंगे।

# जेएस विस्डम में मजदूर दिवस पर कर्मियों को किया सम्मानित

**मजदूर दिवस**

▶▶ जेएस विस्डम स्कूल ऊना में मजदूर दिवस के मौके पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया



टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** जेएस विस्डम स्कूल ऊना में वीरवार को मजदूर दिवस के मौके पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने प्रार्थना सभा के दौरान श्रम की गरिमा और हर काम की महत्व के बारे में बताया। सफाई कर्मचारियों के स्कूल को साफ-सुथरा रखने के प्रयासों की सराहना की और बताया इनके बिना एक दिन के लिए भी चीजों का प्रबंधन करना कठिन हो जाता है। वहीं प्राइमरी सेक्शन के बच्चों ने स्कूल में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों, गार्ड, चपरासी, माली को फूल व धन्यवाद कार्ड बनाकर भी दिए। इस अवसर पर चेयरमैन जगदीश राम, एमडी सुनील चौधरी, प्रधानाचार्या रेणुका व उप प्रधानाचार्य नीरज गौतम ने ड्राइवर, अटेंडेंट को उपहार देकर सम्मानित किया। एमडी सुनील चौधरी ने बताया कि स्कूल में सफाई कर्मचारी, बस के ड्राइवर, कंडक्टर हर व्यक्ति की ड्यूटी अहम होती है और बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चो से काम करवाना कानून अपराध है।

## डीएवी में कर्मचारियों को किया सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में वीरवार को विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की उन्नति में सहयोग करने वाले कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय कमेटी के उपप्रधान बलविंदर सिंह, प्राचार्य आरएल पाठक, शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ मिलकर यज्ञ में आहुतियां डालते हुए सभी के उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन की मंगल कामना की। उपप्रधान बलविंदर सिंह ने कहा कि हम हमेशा आपके दुख सुख में साथ खड़े रहेंगे और आपके कल्याण को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध हैं। प्राचार्य आरएल पाठक ने कर्मियों को भेंट स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया। सभी शिक्षकों ने उन्हें सम्मान व आराम देने के लिए आज स्वयं काम करने का निर्णय लिया।

## बाथू में मनाया मजदूर दिवस



टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** उद्योगिक क्षेत्र बाथू स्थित मिडास केयर के मुख्य गेट पर वीरवार को इंटक यूनियन ने प्रधान खुशहाल सिंह की अगुवाई में इंटक का झंडा फहराते हुए मजदूर दिवस मनाया।

इस अवसर पर इंटक यूनियन के मजदूरों ने अपने अधिकारों की आवाज बुलंद की। साथ ही मजदूर एकता जिंदाबाद, इंटक यूनियन जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वर्कर यूनियन बाथू के प्रधान ने बताया कि मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में उद्योग के मुख्य द्वार पर इकठ्ठे होकर इंटक के यूनियन का झंडा फहराया गया है। इस अवसर पर उन्होंने मजदूर दिवस पर सभी मजदूर साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर यूनियन प्रधान खुशहाल सिंह, महासचिव विजय राणा, परमजीत कुमार, मक्खन सिंह, विनोद कुमार, राज कुमार, सुभाष सैनी, दविंदर सिंह, हरजीत, विजय कुमार, गोपाल कृष्ण, अनिल कुमार, हरनाम, बसंत, राकेश कुमार, गोल्डी, जीवन कुमार, जीवन राणा, पार्वती, देवी नीलम, देवी, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, मौजूद रहे।

### कार्था एजुकेशन सोसायटी के सचिव जॉन की माता के निधन पर शोक

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू ने कार्था एजुकेशन सोसाइटी के सचिव जॉन नीलनकविल की माता स्वर्गीय सेलिन राफेल नीलनकविल के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजय कुमार बहल तथा समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने मिलकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सेलिन राफेल नीलनकविल का जीवन सादगी, सेवा और आत्मिक शक्ति से परिपूर्ण था। उनका स्नेह, ममता और मार्गदर्शन सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अपूरणीय क्षति से यूनिवर्सिटी परिवार अत्यंत व्यथित है।

## मजदूर संगठनों का 20 मई को देशव्यापी आंदोलन: श्रम कानूनों में बदलाव और 12 घंटे की शिफ्ट का विरोध

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री





**मंडी:** मंडी में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सीटू, रेहड़ी फहड़ी और एचपीएमआरए वर्कर यूनियन ने सेरी मंच पर कार्यक्रम का आयोजन किया। सीटू के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने वीरवार दोपहर 12 बजे बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम कोड का विरोध किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नए नियमों के तहत मजदूरों को 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम करना होगा। साथ ही यूनियन बनाने के अधिकार को भी समाप्त किया जा रहा है। इन नीतियों के विरोध में 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया जा रहा है। हड़ताल में हाईडल प्रोजेक्ट्स, फोरलेन, आंगनवाड़ी, मिड डे मील, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, रेहड़ी फहड़ी, आशा वर्कर और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में सीटू के जिला महासचिव राजेश शर्मा, गोपेंद्र कुमार, रेहड़ी फहड़ी प्रधान सुरेंद्र कुमार, एचपीएमआरए के राज्य सचिव जगदीश ठाकुर समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मजदूर नेताओं ने शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मजदूर दिवस श्रमिक अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर राफेल, जगुआर, मिराज टू थॉउजेंड की होगी लैंडिंग

**लैंडिंग**

▶▶जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर के लिए गौरव से भरपूर क्षण होगा



लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से गंगा एक्सप्रेस-वे पर राफेल, जगुआर, मिराज टू थॉउजेंड जैसे लड़ाकू विमानों की लैंडिंग होगी। शाहजहांपुर में जलालाबाद इलाके में पीरू ग्राम के निकट गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर दो और तीन मई को वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उतारा जायेगा। वहीं कुछ मिनटों के भीतर लड़ाकू विमान उड़ान भरते हुए भी दिखायी देंगे। शाहजहांपुर जिले के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गुरूवार को पत्रकारों को बताया कि शाहजहांपुर के लिए गौरव से भरपूर क्षण होगा, जब दो मई और तीन मई को गंगा एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों की आवाजाही को अपनी आंखों से जिले के नागरिक देखेंगे। दिन रात लड़ाकू विमानों की लैंडिंग और उड़ान भरने पर इसे देखकर गर्व का अनुभव होगा। इसे कार्यक्रम का स्वरूप दिया जा रहा है, जिसमें कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, मंत्री जेपीएस राठौर अतिथि की भूमिका में रहेंगे, वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी उपस्थिति रह सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए एक हजार स्कूली छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। स्कूली बच्चे लड़ाकू विमानों को हवाई पट्टी पर उतरते और उड़ते देख सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टि से वायु सेना के अधिकारियों के निर्देश पर पांच किलोमीटर के परिक्षेत्र में बैरिकेडिंग करायी गयी है। इस परिक्षेत्र में किसी भी व्यक्ति के आने जाने की मनाही रहेगी। ज्ञातव्य हो कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने बार्डर पर सक्रियता बढ़ा दी है। इसी दौरान उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग को भी सैन्य अभ्यास से जोड़ कर ही देखा जा रहा है। शुक्रवार और शनिवार को दो दिनों तक शाहजहांपुर में सैन्य अभ्यास के दौरान राफेल, सु 30 एमकेआई, मिराज टू थाउजेन्ड, मिग 29, जगुआर, सी 130 जे सुपर हरक्यूलिस, एएन 32, एमआई-17 वी फाइव हेलिकॉप्टर हैडिंग करते हुए देखा जायेगा।

### गुरुकुल स्कूल के आरव का यंग लीडर्स प्रोग्राम के लिए हुआ चयन



टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल कटोहर कलां के आठवी के छात्र आरव ने अपने स्कूल का नाम रोशन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गौरतलब है की देश की एक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा आयोजित यंग लीडर्स प्रोग्राम में देश भर के 824 स्कूलों ने हिस्सा लिया था। इसमें से प्रत्येक स्कूल से एक प्रतियाशी को चुना गया। इन सभी में से पहले राउंड में सिर्फ 50 प्रतिभाशाली छात्र ही इस प्रतियोगिता में पहुंच सके। वही दूसरे राउंड में आरव ने 49 प्रभिगायिों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित यंग लीडर्स प्रोग्राम में अपना चयन करवाया। अब आरव तीसर राउंड में हैदराबाद में जाएगा। आरव का चयन उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, नेतृत्व गुणों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के जुनून का प्रमाण है। छात्र की उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक निदेशक राजेश गौतम ने आरव के प्रयासों की सराहना करते हुए उसे शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि स्कूल का लक्ष्य शिक्षा के स्तर को नई बुलंदियों तक पहुंचाना है। इस मौके पर निदेशक ज्योति गौतम, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राव व प्रिंसिपल डा संतोष कुमारी ने भी आरव को शुभकामनाएं दी।

### सीटू ने मनाया मजदूर दिवस, विभिन्न मांगों पर की आवाज बुलंद

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** सीटू द्वारा वीरवार को बसाल गांव में मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीटू के जिला प्रधान सुरिंद्र शर्मा ने सीटू का झंडा फहराया। सीटू के महासचिव गुरनाम सिंह और किसान सभा के जिला अध्यक्ष केके राणा ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने मजदूर दिवस पर प्रकाश डाला। गुरनाम सिंह ने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और तीन लेबर कोड के बारे में वर्करों को बताया। उन्होंने देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मांगों को उठाया, जिसमें मजदूर योजना विरोधी चार लेबर कोड खत्म करने, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए प्रतिमाह लागू करना, आंगनबाड़ी, आशा वर्करों और मिड डे मील वर्करों को श्रमिकों के रूप में मान्यता और न्यूनतम मजदूरी, पैंशन सुरक्षा लाभ दिया जाए आदि शामिल है।

## स्कॉलर्स स्कूल में बच्चों ने बताया श्रमिकों का महत्व

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी



**ऊना:** श्रमिक दिवस के अवसर पर स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सकैंडरी स्कूल में एक भावनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल सभी हेल्पर्स के प्रति आभार प्रकट करना था, जो निःस्वार्थ भाव से विद्यालय की सेवा करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत एक सुंदर स्किट से हुई, जिसे विद्यालय के छात्रों ने प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने श्रमिकों के योगदान और महत्व को उजागर किया। इसके बाद बच्चों ने अपने हाथों से बनाए हुए थैंक यू कार्ड्स स्कूल के सभी हेल्पर्स को भेंट किए, जो उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक थे। विद्यालय की ओर से भी सभी हेल्पर्स को उपहार भेंट किए गए, ताकि उन्हें यह महसूस हो कि वे हमारे स्कूल परिवार का एक अनमोल हिस्सा हैं। विद्यालय के एमडी धीरज शर्मा ने सभी सहायकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ होते हैं, और उनका सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह आयोजन बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सीख भी बना, जिससे उन्हें सेवा, सहानुभूति और सम्मान के मूल्यों को समझने का अवसर मिला।

# भारतीय रेल के लिए होगी डिजिटल क्लॉक डिजाइन प्रतियोगिता

प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया





भारतीय रेल ने देश के सभी स्टेशनों पर नए डिजाइन के डिजिटल क्लॉक लगाने की योजना बनाई है। जिसके लिए डिजाइन बनाने हेतु एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चयनित डिजाइन बनाने वाले किसी एक विजेता को पांच लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी स्टेशनों की डिजिटल घड़ियों को मानकीकृत करने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसके तहत पेशेवर, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी स्टूडेंट तथा स्कूली छात्रों के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। तीनों श्रेणियों को मिलाकर भारतीय रेल में उपयोग के लिए चयनित डिजाइन बनाने वाले किसी एक विजेता को पांच लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। तीनों श्रेणियों में 50-50 हजार रुपए के पांच-पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के तहत 1 से 31 मई तक प्रतिभागियों को डिजिटल घड़ी का डिजाइन ऑनलाइन माध्यम से जमा करना है। पीआरओ ने बताया कि रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार के अनुसार हाई रेजोल्यूशन वाली डिजाइन जिसमें वाटर मार्क या लोगो न हो, को ईमेल के माध्यम से भेजना है और साथ में मौलिकता का प्रमाण पत्र भी प्रतिभागियों को देना है। सभी प्रतिभागियों को एक से अधिक डिजाइन जमा करने की छूट दी गई है। प्रतिभागियों को यह भी सुनिश्चित करना है कि उनका डिजाइन मौलिक है और बौद्धिक सम्पदा या किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं करता है। अंत में बताया कि स्कूली छात्र कैटेगरी में 12वीं तक के छात्रों को शामिल किया गया है। जिसके लिए उन्हें स्कूल का पहचान पत्र जमा करना होगा। इसी तरह कॉलेज के छात्र कैटेगरी में वैसे लोगों को शामिल किया गया है, जो किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे हों। शेष सभी लोगों को प्रोफेशनल कैटेगरी में रखा जाएगा।

## राजस्थान के दो युवकों से 20 ग्राम चिट्टा बरामद, पुलिस ने किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी:** मंडी पुलिस ने धनोट के पास से नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 20 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। वीरवार दोपहर 1 बजे एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजस्थान के दौसा जिले के सिकराई तहसील के भंडारी गांव निवासी गौरव कुमार (21) और लोकेश कुमार (29) के रूप में हुई है। गौरव कुमार लीला राम का पुत्र है, जबकि लोकेश कुमार हीरा लाल का पुत्र है। पुलिस ने धनोट थाने में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी। एसपी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है कि आरोपी चिट्टा कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने वाले थे। यह भी पता लगाया जा रहा है कि ये लोग कब से इस धंधे में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मंडी पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

फास्ट न्यूज

## बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान हुई गुरु शंकराचार्य की गद्दी

**गोपेश्वर।** शुक्रवार को गाडू घड़ा, रावल अमरनाथ नंबूदरी सहित, आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी, भगवान गरूड़ की नृसिंह मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना पश्चात नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ से सेना के बैंड की भक्तिमय उदघोष के साथ प्रथम पड़ाव पांडुकेश्वर प्रवास के लिए प्रस्थान किया है। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट चार (रविवार) मई को प्रात: छह बजे आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे। भगवान बदरीविशाल के वाहन श्री गरूड़ जी महाराज को इस बार मंदिर समिति ने हक हकूकधारियों के सहयोग से पूजा-अर्चना पश्चात भव्य समारोह पूर्वक बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान कराया। इस बार ऐतिहासिक रूप से पहली बार भगवान नारायण हरि के वाहन श्री गरूड़ जी समारोह पूर्वक धाम को रवाना हुए जिस कारण श्रद्धालुओं में अधिक उत्साह देखा गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्री गरूड़ जी की डोली सहित आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी एवं रावल को श्री बदरीनाथ धाम के लिए विदा किया।

## पौड़ी में अमृत सरोवरों को किया जाएगा विकसित

**पौड़ी गढ़वाल:** जिले में अमृत सरोवरों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। शुक्रवार को विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने वाले अमृत सरोवरों की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अधिकारी जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए नौलों व धारों में घटते पेयजल स्तर को गंभीरता से ले।

# संस्थान स्वप्रेरणा से आगे बढ़ें, पूर्ण तैयारी के साथ आवेदन करें: सीएम

**छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए पात्र एक भी छात्र वंचित न रहे, समयबद्ध रूप से लाभ सुनिश्चित कराया जाए, अगले शैक्षणिक सत्र से नवस्थापित बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अपने परिसरों से होंगे संचालित**

**दिशा-निर्देश**

- निजी संस्थानों को भी एसआईआरएफ रैंकिंग में सम्मिलित किया जाए, गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, परंतु आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें। मुख्यमंत्री जी शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में वर्ष 2024-25 हेतु कुल 1.64 लाख सीटों पर नामांकन हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें टडडउ आधारित अध्ययन, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट तथा इंटीग्रेटेड प्रोग्राम सम्मिलित किए गए हैं। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के 12,739 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिसमें अधिकतम वार्षिक वेतन 59.91 लाख रहा। इसी प्रकार, एमएमएमयूटी, गोरखपुर में वर्ष 2023-24 में छात्रों को ?52 लाख वार्षिक वेतन तक के पैकेज पर प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला।

मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

### अब तक प्रदेश में 39 नए राजकीय पॉलीटेक्निक स्थापित किए गए हैं: सीएम योगी

*विभाग द्वारा डिजिटल कक्षाएं, आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, तथा फ्रंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में 39 नए राजकीय पॉलीटेक्निक स्थापित किए गए हैं तथा 13,000 से अधिक शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।*

### 324 राजकीय एवं 2982 निजी आईटीआई प्रदेश में संचालित

*मुख्यमंत्री को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 324 राजकीय एवं 2982 निजी आईटीआई प्रदेश में संचालित हैं। टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से 212 राजकीय आईटीआई को आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं कुशल प्रशिक्षकों से सुसज्जित कर उन्नत बनाया गया है।*

### सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं

*मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि नवस्थापित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ के भवन निर्माण तथा परिसर विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र से यह कॉलेज अपने निजी परिसरों से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए। तकनीकी शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हो रहे हैं।*

# देवभूमि में अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा: पुष्कर सिंह धामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शासकीय आवास पर नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में हाल ही में हुई घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में उच्चाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को राज्य में अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नैनीताल में पीड़िता को पूरी सुरक्षा मुहैया कराई जाए। इस घटना पर अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ हर स्थिति पर नजर रखने को कहा है। हमारी सरकार पीड़िता और उसके परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों की ओर से सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर तत्काल उनकी पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही वैरिफिकेशन अभियान को भी तेज करने के लिए निर्देश दिए। उत्तराखंड की पवित्र भूमि और इसकी अस्मिता के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### हरिद्वार में भारी बारिश से जलभराव, मेयर कार्यालय के पास पेड़ गिरा

***हरिद्वार।** शुक्रवार सुबह से शुरू हुई लगातार बारिश ने दोपहर तक हरिद्वार शहर को एक बार फिर जलमग्न कर दिया। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई इलाकों में भारी बारिश को अलर्ट जारी किया था। बारिश से धर्मनगरी के हालात लगातार बदतर हो गए। रानीपुर मोड़ पर एक बार फिर जलभराव हो गया है। इसके साथ ही मेयर कार्यालय के समीप पेड़ गिरने से भी अफरा तफरी मच गयी। हरिद्वार में लगातार हुई करीब तीन घंटे की बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। निकासी नहीं होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। जल भराव में ही लोग आवागमन के लिए मजबूर रहे।*

## प्रदेश में एआई स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सबसे बड़े हब के तौर पर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार जल्द ही प्रदेश में एआई अपस्किलिंग प्रोग्राम को धरातल पर उताने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है।

सीएम योगी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश सरकार के 6 विभागों द्वारा विभिन्न प्रकार के ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा किया जाएगा। अपस्किलिंग प्रोग्राम चलाया जाएगा।

## पानी पर घटिया राजनीति न करें पंजाब के नेता: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल वितरण के संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि इस प्रकार की घटिया राजनीति न करें, यह गुरुओं की धरती है और हम गुरुओं को प्रणाम करते हैं। वे पंजाब की आवाम के हित में काम करें। हरियाणा भी पंजाब का भाग है और वहीं से अस्तित्व में आया है। इस प्रकार की घटिया स्तर की राजनीति किसी के लिए भी ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी द्वारा आयोजित क्वालिटी एश्योरेंस कॉन्क्लेव के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मैं हरियाणा का मुखिया होने के नाते कहता हूं कि अगर पंजाब के लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता पड़ती है तो हम टयूबवेल लगाकर अपनी जमीन का पानी निकालकर पंजाब के लोगों को पिलाने का काम करेंगे।

**नसीहत**

- हरियाणा का मुखिया होने के नाते गारंटी देता हूं, अगर पंजाब के लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता

